# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र






वर्ष–01 अंक–24 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार ● 13 मई से 19 मई 2024 पेज–08 मूल्य 5 रूपये


**जरूर पढ़ें**

## बदरीनाथ में हृदय गति रुकने से महिला यात्री की मौत

**नई दिल्ली :** बदरीनाथ धाम आए एक तीर्थयात्री की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। बदरीनाथ कोतवाली प्रभारी नवनीत भंडारी ने बताया कि धाम में लक्ष्मी देवी (75) निवासी राजकोट गुजरात परिवार के साथ दर्शन करने आई थीं। रविवार देर शाम अचानक तबीयत बिगड़ने पर महिला को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। अभी तक यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए तीन श्रद्धालुओं की जान जा चुकी है। ऐसे में अब चारधाम यात्रा के दौरान जान गंवाले वाले श्रद्धालु की संख्या चार पहुंच गई है।

## यूपी में दिनदहाड़े पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**जौनपुर :** यूपी में दिनदहाड़े पत्रकार की गोली मारकर हत्या से इलाके में सनसनी मच गई है। लोमवार सुबह अज्ञात बदमाशों ने पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की गोली मारकर की हत्या कर दी। आशुतोष एक न्यूज पोर्टल में काम करते थे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोर्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना शाहगंज थाना क्षेत्र के इमरान गंज बाजार की बताई जा रही है।आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के पीछे भूमाफियाओं का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा कहा है कि आशुतोष यहां के गो तस्करों और भूमाफियाओं के खिलाफ लगातार खबरे लिख रहे थे।

# पीएम मोदी के रोड शो से भगवामय हुआ काशी

## पीएम मोदी के रोड शो की तैयारियां काफी पहले ही शुरूहो गई थीं।

वाराणसी , एजेंसियां



लोकसभा चुनाव 2024 के बीच पीएम मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रोड शो किया। इसके बाद वह मंगलवार (14 मई) को नामांकर करेंगे। पीएम मोदी के इस रोड शो के लिए काफी समय से तैयारी चल रही थी। बीजेपी कार्यकर्ताओं के अलावा वाराणसी के लोगों ने भी इस रोड शो के लिए काफी तैयारी की थी। जब पीएम मोदी यहां पहुंचे तो पूरा काशी भगवामय हो गया। रोड शो के दौरान हर जगह 'हमार मोदी, हमार काशी' के पोस्टर लगे हुए थे। इसके अलावा पूरे शहर में रोड शो वाले रूट को फूलों से सजाया गया था।

रोड शो के पहले ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जब पीएम मोदी सड़कों से गुजरे तो चारों तरफ लोगों की भीड़ जमा थी और गाने बज रहे थे। पीएम मोदी ने पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रोड शो शुरू किया। पीएम मोदी का यह रोड शो पांच किलोमीटर लंबा रहा। यह बनारस हिंदू विश्वविद्यालय चौराहे से शुरू हुआ और काशी विश्वनाथ धाम के गेट नंबर– 4 पर समाप्त हुआ। पीएम मोदी हमेशा ही नामांकन करने से एक दिन पहले अपने संसदीय क्षेत्र में रोड शो करते हैं। इस बार भी परंपरा को बनाए रखते हुए उन्होंने ऐसा किया। वह तीसरी बार वाराणसी से चुनाव लड़ रहे हैं। 2014 में उन्होंने इसकी शुरुआत की थी। इसके बाद 2019 में वह यहां से सांसद बने। अब उनके यहां से तीसरी बार सांसद बनने की उम्मीद है। कांग्रेस ने उनके खिलाफ प्रदेस अध्यक्ष अजय राय को टिकट दिया है।

काल भैरव की पूजा कर करेंगे नामांकन मंगलवार को पीएम सुबह काल भैरव की पूजा के बाद एनडीए गठबंधन के नेताओं के साथ एक बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। इसके बाद वह नामांकन दाखिल करेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद वह चुनाव प्रचार के लिए झारखंड जाएंगे।काशी विश्वनाथ मंदिर में जाकर खत्म होगा यह इसकी भव्य तैयारी की गई है. वाराणसी में पीएम मोदी के रोड शो के दौरान काशी के उन इलाकों से जहा से पीएम का रोड शो गुजरेगा वहा काशी से दस सालो के विकास की झांकी दर्शाई जा रही है, जिसमे देश का पहला पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे भी शामिल है.

# चारधाम यात्रा के 5 श्रद्धालुओं की मौत, मौसम खराब



**यमुनोत्री धाम :** चारधाम यात्रा को शुरू हुए 2 दिन हो गए हैं। 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन केदारनाथ धाम के कपाट खुले। आज 12 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट भी खुल गए। 2 दिन में चारधाम यात्रा पर गए 5 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। पहले दिन 10 मई को उत्तरकाशी में हादसा हुआ था, जिसमें 2 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। मरने वाले तीर्थ यात्री यमुनोत्री धाम के दर्शन करके लौट रहे थे।

बीते दिन 11 मई को यमुनोत्री धाम के दर्शन करने गए 3 श्रद्धालुओं की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। उत्तराखंड में मौसम खराब रहने का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया हुआ है। पहाड़ों पर बारिश के चलते दिल्ली–ठउफसमेत मैदानी इलाकों का मौसम भी मई के महीने में ठंडा बना हुआ है। ऐसे में श्रद्धालु मौसम का अपडेट लेकर ही यात्रा पर निकलें।

**उत्तराखंड के लिए यलो अलर्ट, चारधाम यात्रा पर पड़ेगा असर**

मौसम विभाग के ताजा अलर्ट के मुताबिक, उत्तराखंड में 2 दिन बारिश और तेज हवाओं का यलो अलर्ट रहेगा। 2 दिन से मौसम खराब है और अगले 2 दिन 12–13 मई को भी मौसम खराब रहने के आसार हैं। इसका असर चारधाम यात्रा पर पड़ेगा। आज उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर, टिहरी, देहरादून, अल्मोड़ा में बारिश होने की संभावना है।

गरज चमक के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के साथ देहरादून–मसूरी में पर्यटकों का सैलाब भी उमड़ा हुआ है तो उत्तराखंड जाने से पहले लोग मौसम का अपडेट जरूर जान लें। बीते दिन भी भारी बारिश के कारण बद्रीनाथ धाम जाने वाला हाईवे ब्लॉक कर दिया गया था। श्रद्धालुओं की संख्या भी ज्यादा है।

**दिल्ली में बारिश और आंधी तूफान का अलर्ट :** मौसम विभाग ने राजधानी दिल्ली और ठउफ के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया हुआ है। राजधानी और आस–पास के शहरों में 2 दिन से 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। आज 12 मई (रविवार) को भी मौसम ठंडा है। आसमान में बादल छाए हुए हैं। आज गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहने को आसार हैं। शनिवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री दर्ज किया गया। दिल्ली–ठउफमें अगले 5 दिन 17 मई तक मौसम का उतार चढ़ाव जारी रहेगा। हिमाचल प्रदेश के 5 जिलों में कांगड़ा, हमीरपुर, शिमला, मंडी और कुल्लू के लिए मौसम विभाग ने बारिश होने का यलो अलर्ट जारी किया हुआ है। 13 मई तक हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश में बारिश हो सकती है। 14 मई तक गुजरात के तटीय क्षेत्रों में गर्म और आर्द्र मौसम बना रहेगा। 16 मई तक अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। मध्य प्रदेश में अगले 4 दिन मौसम का मिजाज खराब रहेगा।

# दो करोड़ की हेरोइन संग महिला समेत दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसियां


करीब 20 दिनों तक चले ऑपरेशन के बाद इंस्पेक्टर वीरेंद सिंह की टीम ने रेड लाइट, रोड नंबर 316, मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र, पेट्रोल पंप के पास डीटीसी बस टर्मिनल के पास घेराबंदी कर अखिल दास को गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले महिला समेत दो आरोपी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अखिल दास और महिला मीना के कब्जे से बढ़िया गुणवत्ता वाली 1.2 किलो हेरोइन बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद हेरोइन की कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई जा रही है। ड्रग सप्लायर अखिल दास के खिलाफ पहले एनडीपीएस के तीन और एक बलात्कार का मामला दर्ज है। अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय भाटिया के अनुसार शाखा की साइबर सेल में तैनात इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह की देखरेख में एसआई सतवंत सिंह, एएसआई संजय, हवलदार परनाम और महिला सिपाही शिखा सिंह की टीम की टीम को जांच में पता लगा कि मादक पदार्थ तस्कर स्थानीय लोगों के साथ–साथ क्षेत्र में आने वाले विदेशी नागरिकों को भी निशाना बना रहे हैं। इंस्पेक्टर वीरेंद सिंह की टीम ने रेड लाइट, रोड नंबर 316, मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र, पेट्रोल पंप के पास डीटीसी बस टर्मिनल के पास घेराबंदी कर अखिल दास को गिरफ्तार कर लिया।

# तेज हवाओं के चलते गिरी अवैध होर्डिंग, 3 की मौत

मुंबई , एजेंसियां

<



देश की आर्थिक राजधानी मुंबई इस समय खराब मौसम का सामना कर रही है। यहां सोमवार को घाटकोपर में स्थित पंत नगर इलाके में एक पेट्रोल पंप पर बड़ा हादसा हो गया। यहां तेज बारिश और आंधी की वजह से एक बड़ी होर्डिंग और शेड गिर गया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 56 लोगों के घायल होने की खबर है। अभी भी 50 से ज्यादा फंसे हुए हैं। दूसरी ओर, खराब मौसम का असर फ्लाइट्स के संचालन पर भी पड़ा। छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने करीब 66 मिनट तक फ्लाइट्स का संचालन बंद रखा।

मुख्यमंत्री बोले– कार्रवाई की जाएगी शेड गिरने से कई गाड़ियां भी फंस गई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार फायर ब्रिगेड और मुंबई पुलिस के कर्मचारी घटना स्थल पर मौजूद हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायल हुए लोगों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि घायलों की संख्या अभी बढ़ सकती है। हादसे की वजह से इलाके में यातायात व्यवस्था ठप हो गई है। घाटकोपर–वसोवा मेट्रो ट्रेन का संचालन भी रुक गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि होर्डिंग कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।जानकारी के अनुसार यह होर्डिंग अप्रैल 2022 में इगो मीडिया नामक कंपनी ने लगाई थी। भाजपा के पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने 29 अप्रैल 2024 को बीएमसी आयुक्त से इसे लेकर शिकायत भी की थी। बीएमसी के अनुसार जिस जगह पर होर्डिंग लगाने के लिए स्ट्रक्चर तैयार किया गया था, वह गृह विभाग पुलिस हेड क्वार्टर/महाराष्ट्र राज्य पुलिस हाउसिंग वेलफेयर कारपोरेशन के नाम पर रजिस्टर है। बिना बीएमसी की परमिशन के होर्डिंग स्टैंड खड़ा किया गया था।

# केजरीवाल का दावा– केंद्र में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार

नई दिल्ली, एजेंसियां



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से रिहाई के बाद शनिवार को पार्टी दफ्तर में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी से लेकर अमित शाह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 50 दिन के बाद आपके बीच आकर अच्छा लग रहा है। हमारी पार्टी को कुचलने, खत्म करने में प्रधानमंत्री ने कोई कसर नहीं छोड़ी। एक साथ पार्टी के चार टॉप के नेता को जेल भेज दिया गया। यह एक पार्टी नहीं एक सोच हैं, जितना यह खत्म करेंगे उतनी यह पार्टी बढ़ेगी। केजरीवाल ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में बीजेपी की 220 से ज्यादा सीटें नहीं आएगी.दिल्ली के सीएम ने कहा कि 4 जून के बाद एनडीए सरकार दिखाई नहीं देगी। हरियाणा, राजस्थान, बिहार, यूपी, दिल्ली, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और झारखंड हर जगह उनकी सीटें घट रही हैं.

ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि उन्हें 220–230 सीटें ही मिलेंगी. केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है और आम आदमी पार्टी उसमें शामिल होगी। केजरीवाल ने कहा कि हम दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे और दिल्ली वालों का एलजी दिल्ली ले होगा।

**25 मई को दिल्ली में चुनाव**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। 25 मई को होने वाले दिल्ली के आम चुनावों से पहले केजरीवाल को कोर्ट से शुक्रवार को बड़ी राहत मिली। गिरफ्तारी के 50 दिन बाद सुप्रीम कोर्ट से 1 जून तक अंतरिम जमानत मिल गईं। हालांकि, उन्हें 2 जून को आत्मसमर्पण करना होगा और वापस तिहाड़ जाना होगा।

# 40 लाख का लोन लेकर भेजा कनाडा, जाते ही बेटे ने तोड़ा रिश्ता, सुसाइड नोट में छलकी बूढ़े मां–बाप की पीड़ा

नई दिल्ली, एजेंसियां



दुनिया में हर माता–पिता चाहता है कि उसके बच्चे कामयाब हों। माता–पिता खुद भूखे मर जाएंगे, लेकिन अपने बच्चों का पेट हर हाल में भरेंगे। बच्चों को कामयाब करने की ख्वाहिश हर माता–पिता की होती है। बदले में औलाद भी अपना फर्ज निभाए, हर माता–पिता चाहता है। लेकिन गुजरात से एक विभत्स खबर सामने आ रही है। जिसको पढ़ने के बाद आपको इंसानियत खतरे में नजर आएगी। माता–पिता ने 40 लाख का लोन लेकर बेटे को कनाडा भेजा। बेटा वहां जाते ही उनको भूल गया। जिसके बाद माता–पिता ने तनाव में आत्महत्या कर ली।

66 साल के चुन्नीभाई गेडिया और 64 साल की मुक्ता बेटे की पीड़ा सह नहीं सकी। दोनों ने अपने सूरत के मीरा एवेन्यू स्थित घर में जान दे दी। बेटे का नाम पीयूष है, जो 4 साल पहले कनाडा गया था। वहां जाते ही उसने दंपत्ति से सारे रिश्ते तोड़ लिए। जिसके बाद बुजुर्ग दंपत्ति ने आत्महत्या कर ली। बुजुर्गों ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**रिश्तेदारों से लिए थे 40 लाख, कौन चुकाएगा?**

बुजुर्गों ने लिखा है कि बेटे का लोन 40 लाख रुपये उधार लेकर चुकाया। उनको उम्मीद थी कि बेटा कनाडा जाकर पैसा लौटा देगा। लेकिन वहां जाते ही माता–पिता को भूल गया। सारे रिश्ते तोड़ लिए। उनको कभी फोन भी नहीं किया। उन्होंने उससे संपर्क करने की कोशिश कई बार की। लेकिन बेटे ने रिस्पांड नहीं किया। दंपत्ति ने रिश्तेदारों से उधार 40 लाख रुपये ले रखे थे। जिसे चुका नहीं पा रहे थे। लेकिन बेटे ने मुंह मोड़ लिया। जिसके कारण उन लोगों ने मौत का रास्ता चुना। एक बार बेटा सूरत आया था। वह अपनी पत्नी से मिला। लेकिन जब वे लोग गए, तो पत्नी ने अपमान किया। दंपत्ति ने सुसाइड नोट में लिखा है कि बेटे को उनका अंतिम संस्कार भी न करने दिया जाए।

> बच्चों को कामयाब करने की ख्वाहिश हर माता–पिता की होती है। बदले में औलाद भी अपना फर्ज निभाए, हर माता–पिता चाहता है। लेकिन गुजरात से एक विभत्स खबर सामने आ रही है। जिसको पढ़ने के बाद आपको इंसानियत खतरे में नजर आएगी। माता–पिता ने 40 लाख का लोन लेकर बेटे को कनाडा भेजा। बेटा वहां जाते ही उनको भूल गया। जिसके बाद माता–पिता ने तनाव में आत्महत्या कर ली।

खुदरा महंगाई दर में मार्च महीने की तुलना में मामूली गिरावट दर्ज की गई है।

# अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति में मामूली गिरावट, 4.83 प्रतिशत पर आई

नई दिल्ली: एजेंसी



सरकार ने खुदरा महंगाई दर से जुड़े आंकड़े जारी कर दिए हैं। सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2024 में खुदरा महंगाई दर में मार्च महीने की तुलना में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। अप्रैल में खुदरा महंगाई दर 4.83% रही, जबकि मार्च महीने में यह 4.85% थी।

रसोई में इस्तेमाल होने वाली कई वस्तुओं के दाम घटने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति में मामूली गिरवट दर्ज की गई। यह घटकर 4.83 प्रतिशत पर आ गई है। सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 4.85 प्रतिशत के स्तर पर थी। उस दौरान खुदरा महंगाई का आंकड़ा 10 महीनों में सबसे कम था। इसके अलावा अप्रैल 2023 में यह 4.3 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खाद्य वस्तुओं की खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़ोतरी के साथ 8.70 प्रतिशत रही। एक महीने पहले मार्च में यह 8.52 प्रतिशत के स्तर पर थी। सरकार ने खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत की घट–बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य भारतीय रिजर्व बैंक को दिया हुआ है।

अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई में मामूली राहत मिली है। खुदरा महंगाई दर अप्रैल 2024 में 4.83 रही जो मार्च 2024 में 4.85% थी। हालांकि, खाद्य महंगाई दर में अप्रैल महीने में उछाल आया और ये बढ़कर 8.70% पर पहुंच गई। मार्च 2024 में सह 8.52% थी।

साग–सब्जियों और दालों की कीमतों में वृद्धि से खाद्य महंगाई दर में इजाफा सांख्यिकी मंत्रालय ने सोमवार को अप्रैल 2024 के खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी किए। इन आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2024 में साग–सब्जियों और दालों की कीमतें बढ़ने से खाद्य महंगाई दर में उछाल आया। खाद्य महंगाई दर वित्तीय वर्ष 2024–25 के पहले महीने अप्रैल 2024 में 8.70% पर पहुंच गई जो कि मार्च 2024 में 8.52% पर रही थी। साग–सब्जियों की महंगाई दर अप्रैल महीने में 27.80% रही, यह मार्च में 26.38% रही थी। वहीं, दालों की महंगाई दर अप्रैल में 16.84% रही है मार्च 2024 में यह 18.99% रही थी। फरवरी 2024 में यह आंकड़ा 18.90% रहा था।

अप्रैल 2024 में अनाज और उससे जुड़े उत्पादों की महंगाई दर 8.63% रही है, मार्च में 7.90% थी। मसालों के मामले में महंगाई दर की बात करें तो अप्रैल 2024 में यह 7.75% रही, मार्च में यह 11.43% थी। फलों की महंगाई दर अप्रैल महीने में 5.94% रही जो कि मार्च में 2.67% थी। अप्रैल महीने में चीनी की महंगाई दर 6.73% और अंडो की महंगाई दर 9.59% रही।

# पीएम मोदी के अडाणी–अंबानी वाले बयान खड़गे का पलटवार, बोले– दोस्त दोस्त न रहा

नई दिल्ली, एजेंसियां



लोकसभा चुनाव 2024 का आधा सफर पूरा हो चुका है। बुधवार 7 मई को हुए तीसरे चरण के मतदान के बाद अब सभी नेता चौथे चरण के प्रचार में व्यस्त हो गए हैं। इसी क्रम में आज पीएम मोदी तेलंगाना में थे। तेलंगाना के करीमनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि पिछले 5 साल से कांग्रेस के शहजादे रोजाना एक ही नाम की माला जपते थे। अंबानी–अडाणी, लेकिन जब से चुनाव घोषित हुए हैं उन्होंने अडाणी–अंबानी को गाली देना बंद कर दिया है क्यों भाई क्या हुआ?

पीएम ने आगे कहा कि मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछना चाहता हूं उन्होंने अडाणी–अंबानी से कितना माल लिया है? काले धर के बोरे भर के रुपए मारे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस को चुनाव के लिए उद्योगपतियों से कितना माल मिला है? क्या टेंपो भरकर माल पहुंचा है? जरूर दाल में कुछ काला है। पीएम के बयान पर राहुल गांधी ने तो कोई जवाब नहीं दिया लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुटकी लेते हुए कहा कि दोस्त–दोस्त ना रहा। तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद प्रधानमंत्री जी अपने मित्रों पर ही निशाना साध रहे हैं। उनके बयान से लग रहा है कि उनकी कुर्सी डमगमा गई है। तीन चरण के बाद अब असली रुझान आना शुरू हो गए हैं।इससे पहले पीएम ने वारंगल की रैली में ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अमेरिका में शहजादे के फिलॉसफर और गाइड अंकल सैम पित्रोदा कांग्रेस के थर्ड अंपायर की तरह काम करते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत के लोग चीनी और दक्षिण भारत के लोग अफ्रीकन जैसे लगते हैं। पीएम ने कहा कि लोग मुझे गाली दें तो मैं सह लूंगा, लेकिन शहजादे के फिलॉसफर ने देश के लोगों को गाली दी है इससे मेरे मन में गुस्सा भर गया है। क्या मेरे देश में चमड़ी का रंग देखकर लोगों की योग्यता तय होगी।

# अंतिम संस्कार में गए युवक की डूब कर मौत

## अंतिम संस्कार करने के बाद गंगा स्नान कर रहें दो युवक गंगा में डूब गए थे

**आदमपुर/अमरोहाः**– थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग का बीमारी के चलते निधन हो गया। इसके बाद उन्हें अंतिम संस्कार के लिए गंगा घाट पर ले जाया गया। जहां अंतिम संस्कार करने के बाद गंगा स्नान कर रहें दो युवक गंगा में डूब गए। जिनमें से गांव के ही व्यक्ति द्वारा एक युवक को बचा लिया गया। वहीं दूसरे युवक की गंगा में अभी भी तलाश जारी है।

आपको बता दें कि रविवार को सुबह नो बजे थाना क्षेत्र आदमपुर के गांव बुखारीपुर निवासी मुरारी गिरी उम्र लगभग 80 वर्षीय का बीमारी के चलते निधन हो गया था। इसके बाद उन्हें अंतिम दाह संस्कार के लिए बुलंदशहर जनपद स्थित अनूपशहर मस्तराम गंगा घाट पर ले जाया गया। जहां अग्नि दहन करने के बाद मृतक के साथ गए ग्रामीण गंगा में स्नान करने लगे। स्नान करने के दौरान गांव के ही दो युवक शिवयंत पुत्र कांति शर्मा व वसीम पुत्र मुनव्वर गंगा में डूब गए। जिसमे गांव के ही मूलचंद गिरी के द्वारा वसीम को तो बचा लिया गया लेकिन शिवयंत गंगा में समा गए। गोताखोरों और



मृतक शिवयंत का फ़ोटो ।


पुलिस की मदद से लगातार तलाश गंगा में जारी है। लेकिन 24 घंटे गुजरने के बाद भी डेड बॉडी नहीं मिल सकी। वहीं दूसरी तरफ परिवार जनों का रो–रो कर बुरा हाल है।




गंगा में डेड बॉडी तलाश करते पुलिस बल के जवान।

एक नजर

## भूमाफियाओं का खेल 35 साल पहले बने मकान की करा ली रजिस्ट्री अब दे रहे धमकी


सेवा में,
श्रीमान थानाध्यक्ष महोदय,
थाना गजरौला
जिला अमरोहा।
महोदय,
निवेदन इस प्रकार है कि निर्मला पत्नी प्रतापाल सिंह का मकान मौहल्ला नाईपुरा [illegible] सैंट मैरी स्कूल के पीछे है। हमारे मकान की कुछ भू–माफियाओं द्वारा अवैध रजिस्ट्री करा ली गयी है। जिनमे चमन सिंह, (नगर पालिका पूर्व कर्मचारी) मौ0 कवि नगर गजरौला, अमित कुमार पुत्र शिवचरन वर्तमान वार्ड मेम्बर मौ0 बुद्ध बाजार गजरौला तिलकराज पुत्र [illegible] सिंह मौ0 चौहान पुरी हसनपुर व शाबिर अली निवासी मौ0 बुद्ध नगर नाईपुरा गजरौला व अन्य कुछ अज्ञात लोग आदि तब से वहीं आते है गाली गलौज करते है फायर भी मारते है। तथा मकान को भी खाली करने को कहते है मकान खाली ना करने की स्थिति मे जान से मारने की धमकी देते है। एक बार बुल्डोजर लेकर भी आये थे आये दिन का यही है। कृपया हमारी रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्यवाही करने की कृपा करे।
प्रार्थीगण
दिनांक 13.05.2024

**गजरौला/अमरोहाः**– उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद भूमाफियाओं और गुंडो का सफाया हो रहा है। लेकिन उसके बाद भी कुछ भूमाफिया सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। आपको बता दे की नगर पालिका गजरौला के मोहल्ला नाईपुरा में निर्मला पत्नी प्रतपाल का परिवार रहता है। जिसमें निर्मला ने थाने में एक शिकायती पत्र देकर पुलिस प्रशासन से अपनी जान माल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है। प्रार्थना पत्र में लिखा है की नगर पालिका क्षेत्र के ही चमन सिंह जो कि नगर पालिका के पूर्व कर्मचारी हैं। अमित कुमार जो वर्तमान में वार्ड मेंबर हैं और तिलक राज, साबिर अली व कुछ अज्ञात लोग उनके मकान पर आते हैं और मकान ना खाली करने की स्थिति में उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं। कहते हैं कि या तो मकान खाली कर दो नहीं तो हम को मकान खाली कराना अच्छे तरीके से आता है। ऐसे में प्रार्थनी कहती है कि उन्हें इन भूमाफियाओं से लगातार खतरा बना हुआ है और उन्होंने इसीलिए पुलीस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है।



## जिलाधिकारी ने किया चुचैला कला गौशाला का निरीक्षण

**अमरोहाः**– जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी द्वारा विकासखंड धनौरा के चुचैला कला में नव संचालित गौशाला का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी ने खली चोकर हरा चारा भूसा की उपलब्धता के संबंध में खंड विकास अधिकारी गजरौला से जानकारी ली और अपने सामने गौ वंशो को हरा चारा खिलाया । जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित का निर्देशित करते हुए कहा कि पशुओं का बेहतर तरीके से ध्यान रखा जाए । गौशाला में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए इसके लिए गड्ढे खुदाई का कार्य प्रारंभ कर दिया जाए । कहा कि पशुओं को प्रतिदिन भूसा के साथ खली चोकर और हरा चारा अवश्य मिलाकर दिया जाए हरे चारे की बुवाई अधिक से अधिक कर दिया जाए खाली भूसा पशुओं को नहीं दिया जाना चाहिए । कहा कि सभी पशुओ का टीका करण करा दिया जाए कोई भी पशु बीमार नहीं रहना चाहिए बीमार होने पर तुरंत इलाज कराया जाना चाहिए । जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला में पशु कम है क्षेत्र के जो भी छुट्टा पशु घूम रहे हैं उनको इस गौशाला में संरक्षित किया जाए । निर्माण कार्य जो चल रहा है उसमें तेजी लाई जाए और विस्तार कर और और शेड बनाया जाए । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गौवंशों का गुड़ भी खिलाया । कहा कि पशुओं को गर्मी का समय है पानी का विशेष ध्यान दिया जाए दिन में तीन बार पशुओं को पानी पिलाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र उप जिलाधिकारी धनोरा खंड विकास अधिकारी धनोरा सहित अन्य संबंधित अधिकारी ग्राम प्रधान मौजूद रहे ।

## अवैध हथियार रखने के मामले में बसपा जिला पंचायत सदस्य पति गिरफ्तार

**अमरोहाः** पुलिस ने छापेमारी के दौरान बसपा से जिला पंचायत सदस्य के पति जिर्तेंद्र सिंह को घर से अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके घर से तमंचा, दो कारतूस व आठ खोखे बरामद हुए। कार्रवाई के दौरान आरोपी की तबियत बिगड़ गई। पुलिस ने उसे तत्काल जोया रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अभिरक्षा में उपचार के बीच मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया कस्बा का है। यहां के जितेंद्र सिंह की पत्नी ज्योति वार्ड नंबर 24 से जिला पंचायत सदस्य हैं। वर्तमान में जितेंद्र सिंह जोया कस्बे में इकोंदा मार्ग स्थित घर में रहते हैं। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह के मुताबिक रविवार को मुखबिर से सूचना मिली



थी कि जितेंद्र सिंह घर में अवैध हथियार रखता है।इसके बाद अमरोहा देहात थाने के एसएसआई संदीप कुमार, दरोगा सीमा खोखर व जोया पुलिस चौकी प्रभारी प्रवीन कुमार ने उसके घर पर छापा मार दिया। तलाशी के दौरान बेड के बॉक्स से दो तमंचे, आठ खोखे व दो कारतूस मिले। पुलिस टीम ने आरोपी जितेंद्र सिंह को घर गिरफ्तार कर लिया।

## शादी से पहले युवती की हार्ट अटैक से मौत, बुआ ने सदमे में तोड़ा दम...

**अमरोहा।** जिले में शादी से एक माह पहले 20 वर्षीय युवती की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इस सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाने के कारण उसकी भी जान चली गई। बताया जा रहा है कि उन्हें भी हार्ट अटैक आया था। परिवार में हुई दो मौत से परिवार के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, गमगीन माहौल में दोनों के शवों को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया है। वहीं बरात चढ़त के दौरान डीजे की धमक से दूल्हे के बग्घी के चालक की हार्टअटैक से मौत हो गई। बिना किसी कानूनी कार्रवाई के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार को फरहीन खाना की तबीयत बिगड़ गई। उसके सीने में दर्द उठा और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजन उसे उपचार के लिए एक निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अचानक हुई युवती के मौत से परिवार के लोगों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उसकी मौत की सूचना पर रिश्तेदार भी वहां पहुंच गए। इस दौरान बिजनौर के कस्बा शेरकोट निवासी 55 वर्षीय उसकी बुला फूल बी पत्नी बाबू भी पहुंची थीं। फरहीन की मौत के सदमे में अचानक उनकी तबीयत भी बिगड़ गई। उन्हें अचानक हार्ट अटैक आ गया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें उपचार के लिए एक अस्पताल में लेकर पहुंचे। लेकिन वहां पहुंचते ही उनकी भी मौत हो गई।

**बग्घी चालक की हार्ट अटैक से मौतः** बुरावली में बग्घी चालक की बारात चढ़ाते समय हार्ट अटैक से मौत हो गई। यह मामला रहरा थाना क्षेत्र का है। शुक्रवार को जयचंद की बारात बुरावली आई थी। दोपहर में बैंड बाजे व बग्घी से बारात चढ़ाई जा रही थी। रहरा थाना क्षेत्र के गांव पतेई खादर निवासी बग्घी चालक विजय उम्र 48 वर्ष पुत्र लल्लू के दिल में दर्द हुआ। तबियत बिगड़ गई। बारातियों ने बग्घी चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां विजय को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। विजय की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

## बगद नदी को पुनर्जीवित करने को जिला अधिकारी ने उठाया बीड़ा

**अमरोहा,** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी द्वारा विकास खण्ड गजरौला के ग्राम शूकराबाद में बगद नदी के पुनर्जीवित किये जाने के कार्य का शुभारंभ विधिवत भूमि पूजन अर्चन मंत्रोच्चार के साथ हवन की आहुति देकर स्वयं फावड़ा चलाकर किया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने स्वयं फावड़ा से खुदाई कर तसले से मिट्टी उठाकर श्रमदान किया । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप खंड विकास अधिकारी /उपजिलाधिकारी गजरौला श्री विकास मित्तल , उप जिला अधिकारी धनोरा चंद्रकांता जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में उपस्थित ग्राम वासियों ग्राम प्रधान द्वारा फावड़ा चलाकर खुदाई का कार्य किया गया । जिलाधिकारी ने कहा कि इस नदी के पुनर्जीवन के अंतर्गत 39 गांव आ रहे हैं जिसमें नदी की कुल लंबाई 110 किलोमीटर है। आज से बगद नदी के खुदाई के कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है आज से प्रतिदिन नदी की खुदाई का कार्य किया जाएगा नदी की खुदाई का यह कार्य मनरेगा और विभिन्न विभागों



संगठनों समाज सेवियों के श्रमदान द्वारा किया जाएगा । जब तक नदी की अंत तक खुदाई का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता यह अब नहीं रुकेगा । कहा की नदियों को जीवित रखना हम सब का परम कर्तव्य है जो नदी मृत हो चुकी हैं उनको हमें पसीना बहाकर पुनर्जीवित करना होगा। यह एक पुण्य का कार्य है नदियों को जीवित रखना हम सबके नैतिक कर्तव्य भी है। जिलाधिकारी ने कहा कि नदी जिस रूप में पहले विद्यमान थी जल्द ही इसके खुदाई के कार्य होने के पश्चात वह अपने पुराने स्वरूप में आ सकेगी ।

कहा कि राजस्व टीम द्वारा इसका चिन्हाकन कर दिया गया है । कहा कि मैं इस नदी पर जल बहते हुए देखना चाहता हूं । कहा कि हमारा यह प्रयास होगा कि जनपद की और भी बान और सोत नदियां हैं उनको भी पुनर्जीवित करने के लिए जो अभी शेष काम रह गया है जल्द ही शुरू कराया जाएगा । बड़ी संख्या में उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा की सभी ग्रामवासी इसमें बढ़–चढ़कर हिस्सा ले एक–एक दिन श्रमदान अवश्य करें सभी संगठन राजनीतिक व समाजसेवी संगठन भी बढ़–चढ़कर इस पुनीत कार्य में हिस्सा लें और प्रतिदिन समय निकालकर श्रमदान अवश्य करें। कहा कि नदी की खुदाई होने के पश्चात नदी के दोनों और छाँह दार और फलदार वृक्षारोपण किया जाएगा । कहा की नदी अपने पुराने स्वरूप में आने के बाद अवश्य ही यह लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी लोगों को अनेक प्रकार के लाभ हो सकेंगे। जिला अधिकारी ने कहा कि इस भगीरथ प्रयास में हर विभाग के लोग सहयोग करेंगे खुदाई का कार्य रुकना नहीं है कहा कि नदी की खुदाई के पश्चात पुल निर्माण भी आवश्यक जगहों पर कराया जाएगा ताकि लोगों के आवागमन में कोई दिक्कत ना हो सके ।

## मातृ दिवस केवल एक उत्सव नही बल्कि माँओं के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करने का विशेष अवसर



**अमरोहा।** पूरे देश भर में मातृ दिवस बढ़ेगी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। वही मातृ दिवस हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस साल यह 12 मई 2024 को मनाया जाएगा। मातृ दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि माँओं के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करने का विशेष अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि माताएं हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होती हैं। और उनके प्रति हमारी कृतज्ञता कभी भी कम नहीं होनी चाहिए। संसार के सभी रिश्तों में माँ का रिश्ता सबसे पवित्र और सर्वोपरि है। माँ वही होती है जो हमें जन्म देती है। हमारा पालन–पोषण करती है। और बिना किसी शर्त के हमारे सुख–दुख में हमारी सहयोगी बनती है। उनके अथाह त्याग, अपार स्नेह और निस्वार्थ प्रेम के आगे शब्द भी फीके पड़ जाते हैं। माँ का हृदय प्रेम का सागर है, त्याग का महासागर है, और ममत्व का ब्रह्मांड है। यह वो रिश्ता है जो जन्म के पहले से शुरू होकर, जीवन भर हमारा साथ निभाता है। माँ का स्पर्श ही वो जादू है। जो हमारे हर ग़म को दूर करने का सामर्थ्य रखता है। वह हर कदम पर हमारा मार्गदर्शन करती है। और हमें सदैव सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। माँ के हाथों का बना भोजन किसी स्वादिष्ट व्यंजन से कम नहीं होता। हर साल आने वाला मातृ दिवस हमें माँ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सुअवसर प्रदान करता है। इस मातृ दिवस पर दुनिया भर की सभी माताओं के जीवन में खुशियाँ और सम्मान भर जाए। आइए, उनके अटूट सहयोग और बिना शर्त प्यार के लिए अपना आभार व्यक्त करें। सभी अद्भुत माताओं को मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं !

## अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर वैंकटेश्वरा में हुआ सेमिनार

**अमरोहा।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के ₹स्कूल ऑफ नर्सिंग₹ के तरफ से ₹अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस₹ पर ₹नर्सेस सम्मान समारोह एवं ओथ सेरेमनी₹ का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित नर्सिंग स्टूडेंट्स एवं नर्सिंग प्रोफेशनल्स को चिकित्सा सेवा एवं निस्वार्थ समर्पण की शपथ दिलाते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग स्टॉफ को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर ₹रोल ऑफ नर्सिंग प्रोफेशनल्स इन हेल्थ केयर₹ विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का भी आयोजन किया गया ।

श्री वैंकटेश्वरा संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में ₹अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस₹ पर आयोजित ₹अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, नर्सेस सम्मान समारोह एवं ओथ सेरेमनी₹ समारोह का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आई. बी. राजू , नर्सिंग प्रिंसीपल डॉ. एना एरिक ब्राउन, डा. अर्पिता श्रीवास्तव, डा. श्वेता अम्बर, डा. एच.पी. सिंह आदि ने सरस्वती माँ एवं फलोरेन्स नाईटएंगल की प्रतिमा के सन्मुख पुष्प अर्पित करके किया ।

अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि नर्सिंग दुनिया का सबसे पावन/ पुनीत प्रोफेशन है । चिकित्सा क्षेत्र में मरीज के साथ आपका सेवा भाव, निस्वार्थ समर्पण, अच्छी चिकित्सा एवं स्वास्थय सेवाओ मे आपका योगदान कही भी चिकित्सक से कमतर नही होता है ।

राष्ट्रीय संगोष्ठी को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. (डॉ.) राजेश, डॉ. एना एरिक ब्राउन, डा. एच. पी. सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया । इस अवसर पर डा. मंजरी राणा, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डीन मेडिकल डॉ. संजीव भट्ट, एम.एस. डॉ. आई. बी. राजू, नर्सिंग असिस्टेंट पोलीन, एस.एस. बघेल,




अरूण गोस्वामी, मारूफ चौधरी, अखिल नायर, नीतूश्री पाल, पूजा एरी, नीमा, प्रतिभा, सुमन दीप कौर एवं मेरठ परिसर में डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शानदार संचालन विम्स हॉस्पिटल के मार्केटिंग डायरेक्टर एम. ए. चौधरी ने किया ।

# अवैध पैथोलॉजी का बढ़ता कारोबार

## आम जनता के सिर पर बना भार आखिर क्यों चुप है सरकार

**हसनपुर/अमरोहा:** अवैध पैथोलॉजी का बढ़ता कारोबार आम जनता का सिर दर्द बन चुका है। वही प्रशासनिक अमला इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। न जाने क्यों प्रशासन को आम जनता की फिक्रनहीं है, या फिर यू कहा जाए की प्रशासनिक अमले की जेब भारी होती जा रही है। और यही वजह है कि प्रशासनिक अमला अवैध पैथोलॉजी लेबो के ऊपर कोई खास कार्यवाही नहीं करता।

आज के इस दौर में शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक अवैध पैथोलॉजी लैब का बढ़ता कारोबार आम जनता का सिर दर्द बन चुका है। अगर आप डॉक्टर के पास सर दर्द, नजला,जुकाम, खांसी की दवाई लेने के लिए भी जाएंगे तो आपको डॉक्टर पैथोलॉजी लैब से टेस्ट करने की सलाह दे डालेगा। अब मरीज को मजबूरन टेस्ट कराना पड़ता है, ऐसे में मरीज की जेब लगातार हल्की होती जा रही है। वहीं दूसरी तरफ टेस्ट के नाम पर अवैध पैथोलॉजी लैब वाले मरीज को लूटने का काम कर रहे हैं और डॉक्टर अपने कमीशन के चक्कर में मरीज को लूटवाने का काम कर रहे हैं। हालांकि आपको बता दें की यह कारोबार केवल शहरों में ही नहीं बल्कि अब ग्रामीण स्तर तक फैल चुका है। इन अवैध पैथोलॉजी लैब वालों के पास ना ही तो कोई एक्सपीरियंस है ना ही कोई डिग्री। अब जब कोई अनुभव नहीं है डिग्री नहीं है तो रजिस्ट्रेशन भी इनको नहीं मिलता। बग़ैर रजिस्ट्रेशन के गांव से लेकर शहर तक जगह-जगह गली मोहल्ले में आपको पैथोलॉजी लैब खुली हुई मिल जाएगी और इतना ही नहीं यह धड़ल्ले के साथ इस कारोबार में खूब फल फूल भी रहे हैं। अब ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर यह अवैध पैथोलॉजी लैब किसके संरक्षण में चल रही है। आखिर प्रशासन कहां जाकर सो गया है। क्या प्रशासन को ऐसी पैथालॉजी लैब के बारे में कोई खबर नहीं है यह सोचने वाली बात है। अब ऐसे में सवाल उठता है कि क्या खबर लिखने के बाद भी प्रशासन ऐसे लोगों पर कोई कार्यवाही करेगा भी या नहीं। यह सब कुछ चुपचाप यूं ही चलता रहेगा।

> प्रशासनिक अमला इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। न जाने क्यों प्रशासन को आम जनता की फिक्र नहीं है, या फिर यू कहा जाए की प्रशासनिक अमले की जेब भारी होती जा रही है।





## मुरादाबाद में दर्दनाक सड़क हादसा, तीन की मौत

**मुरादाबाद।** कुंदरकी क्षेत्र में कार और टैंकर (कैप्सूल) की भिड़ंत में बैंक शाखा प्रबंधक समेत तीन बैंक कर्मियों की मौत हो गई है। बैंक कर्मी कार पर सवार थे। ये लोग कार से चंदौसी में स्थित एक्सिस बैंक में कर्मचारी हैं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को काट-काटकर उसमें फंसे शवों को बाहर निकाला। मुरादाबाद-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम डोमघर के पास हुआ है। मृतकों में एक्सिस बैंक शाखा प्रबंधक सौरभ श्रीवास्तव, कैशियर दिव्यांशू और कर्मी अमित हैं। इसमें शाखा प्रबंधक व कैशयिर लखनऊके निवासी हैं, जबकि अमित कुशालपुर मुरादाबाद के रहने वाले थे।

घटना की जानकारी पाकर मौके पर एसपी देहात संदीप कुमार मीना पहुंचे हैं। हादसे के बाद चंदौसी हाईवे पर जाम उत्पन्न हो गया है। पुलिस क्रेन की व्यवस्था कर क्षतिग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटवाकर यातायात बहाल कराने में लगी है। उधर, मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक, हादसा सुबह 8.40 बजे हुआ है। इसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक जीवित था जिसे इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था।

पुलिस कर्मियों ने बताया कि कार पर शाखा प्रबंधक समेत तीन बैंक कर्मी ही सवार थे। कार को सौरभ श्रीवास्तव ही चला रहे थे। हाईवे पर डोमघर गांव के सामने बंदर आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में कार ने कट मारा और उधर सामने से आ रहे टैंकर (कैप्सूल) वाले ने बचाव किया तो वह पेड़ में जा टकराया, जबकि कार टैंकर में जा घुसी। कार सवार तीनों बैंक कर्मी मुरादाबाद से ड्यूटी करने के लिए चंदौसी जा रहे थे। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया था। पुलिस कर्मियों ने क्रेन को बुलाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को मार्ग से बाहर किया और काफी मशक्कत कर जाम खाली कराकर यातायात बहाल कराया है।

## प्रतिदिन पीएं 6-7 लीटर पानी, भीषण गर्मी को देखते हुए चिकित्सकों दे रहे सलाह

**मुरादाबाद।** बढ़ती गर्मी में बड़ी संख्या में लोग डायरिया, वायरल इन्फेक्शन, फूड पॉयजनिंग की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में चिकित्सकों ने लोगों को कुछ सावधानी बरते की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी में खान-पान का पूरा ख्याल रखें और ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं। चिकित्सकों का कहना है कि अगर दिन में घर से बाहर निकल रहे हैं तो हर आधा घंटे के बाद पानी पीते रहे और सिर को ढककर रखें। इसके अलावा बाहर का खाना बिलकुल न खाएं।

मई में गर्मी पूरी तरह से अपने तेवर दिखा रही है। इस गर्मी में बरती गई लापरवाही से आपको वायरल इन्फेक्शन, फूड पॉयजनिंग या डायरिया से पीड़ति कर सकती है। चिकित्सकों ने बताया कि गर्मी में बाहर का तला-भुना खाने से बचें। गर्मी में सावधानी न बरतने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में गर्मी व लू का प्रभाव बढ़ेगा। इसलिए आगे सावधानी बरतना जरूरी है। घर से बाहर निकलते समय शरीर को पूरी तरह ढककर निकलें। गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पिए। इसके अलावा ओआरएस व इलेक्ट्रॉल का भी सेवन जरूर करें। जो लोग गर्मी में धूप में काम के लिए घर से बाहर रहते है, उन्हें चाहिए कि वह अपने साथ पानी की बोतल रखें। अच्छा होगा पानी में इलेक्टरॉल या ओआरएस मिलाकर पीएं। इससे शरीर में डीहाईड्रेशन नहीं होगा।



जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एनके मिश्रा ने बताया कि गर्मी में ज्यादा तेज धूप होने पर बाहर न निकलें। अगर जरूरी है तो धूप में खुद को पूरी तरह से ढककर निकलें। सिर पर कपड़ा रखें। ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं। गर्मी में पानी की कमी से लू लगने की संभावना रहती है। बाहर का खाना बिलकुल न खाएं। बासी रखा हुआ खाना व कटे-फटे फलों का सेवन न करें। बहुत जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें। चिकित्सक डॉ. इरशाद हुसैन ने बताया कि बढ़ती गर्मी में सेहत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। गर्मी लगने पर पंखे को बहुत तेज करने या एसी की कूलिंग बढ़ाने की भूल न करें। इससे दिक्कत हो सकती है। बच्चे अगर स्कूल से आते हैं तो उन्हे तुरंत एसी में न जाने दें। जो लोग गर्मी में बाहर से आते है तो पंखे के नीचे या एसी में न बैठे। बच्चों को हल्का खाना खिलाएं और पानी देते रहे।

**मौसमी फल और सब्जियों का करें सेवन**

चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी के दिनों खानपान पर विशेष तौर पर ध्यान देना जरूरी होता है। ऐसे फल और सब्जियों का सेवन करें जिनमें भरपूर मात्रा में पानी पाया जाता है। जैसे- तरबूज, ककड़ी, खीरा, तोरई आदि। इसके अलावा इन दिनों रात के समय खिचड़ी और कढ़ी खाना भी फायदेमंद होता है। वहीं खाने में भी चीजें बदल-बदलकर खाने की कोशिश करें, जिससे शरीर को किसी भी पोषक तत्व की कमी का सामना न करना पड़े। चिकित्सकों ने बताया कि गर्मी के मौसम में छाछ, लस्सी, पनीर ले सकते हैं। गाय का दूध भी फायदेमंद है। इन दिनों ज्यादा भोजन करने से भी बचना चाहिए। कम खाएं, लेकिन अच्छा खाएं।

## नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट ने उठाया जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई का खर्चा

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने पंचायत भवन सभागार में दीप प्रज्वलित कर नन्हीं सी चिड़िया ट्रस्ट द्वारा आयोजित छात्राओं के फीस वितरण समारोह का आरंभ किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा गरीब परिवार की बेटियों की पूरे वर्ष की फीस जमा कर बेटियों को पढ़ाने एवं आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। यह सराहनीय है। इसके लिए संस्था के अध्यक्ष एवं सदस्यों को बधाई दी। साथ ही उपस्थित सभी बेटियों को शुभकामनाएं भी दीं।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि संस्था निरंतर इसी तरह का नेक कार्य बेटियों के हित में आगे भी करती रहेगी। संस्था के सौजन्य से जिलाधिकारी द्वारा 15 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को लगभग 200 छात्राओं के पूरे वर्ष की फीस के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, नन्ही सी चिड़ि‍या ट्रस्ट के अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित रहे।

वहीं मंच से एसएसपी हेमराज मीना ने बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट की सराहना की। उन्होंने मां और बच्चों के बीच के रिश्ते पर अपनी राय पेश की। उन्होंने कहा जिस तरह मां बच्चों के लिए समर्पित होती है, उनका ख्याल रखती है। उनके सुख-दुख का अहसास करती है। उसी तरह नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट की तरफ से बच्चों के प्रति मोहब्बत और अपनेपन का अहसास जाहिर किया है।

भाजपा नगर विधायक रितेश गुप्ता की पत्नी व नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट की अध्यक्ष अल्पना रितेश गुप्ता ने बताया की पिछले कई सालों से वे और उनकी टीम नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट के बैनर तले गरीब बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही उनकी अन्य जरूरतों का भी ख्याल रखती है। वह हर साल लगभग 200 से अधिक बालिकाओं की फीस वितरण का कार्यक्रम करती हैं।

उन्होंने बताया की सरकार की मंशा के मुताबिक हर वर्ग के आखिरी पायदान तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने से लेकर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उनकी संस्था काम कर रही है। उन्होंने कहा, हमारा नारा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास हैं। उसी एजेंडे के साथ हम सबको साथ लेकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा की शिक्षा ही वो हथियार है, जिससे हर तरह की जंग जीत सकते हैं।




## संक्षेप खबरें

### प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा



**चन्दौसी:** शक्ति नगर स्थित एक हॉस्पिटल में प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने पहुंच दोनों पक्षों से वार्ता की और महिला का शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के परिजनों की ओर से महिला चिकित्सक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के प्रेमनगर कॉलोनी निवासी राजीव कुमार पुत्र सरदार सिंह ने शनिवार की शाम अपनी पत्नी संगीता 22 वर्ष को प्रसव के लिए शक्ति नगर स्थित हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। रविवार की सुबह सात बजे जब हॉस्पिटल में महिला का अल्ट्रासाउंड हुआ तो उसमें बच्चा मृत था। इसके बाद सुबह दस बजे महिला की नार्मल डिलीवरी की गई। जिसमें महिला ने मृत पुत्र को जन्म दिया। पीड़ित पति ने बताया कि दोपहर संगीता की हालत बिगड़ी तो हॉस्पिटल स्टाफ ने इंजेक्शन लगा दिया। जिससे महिला की हालत और बिगड़नी शुरू हो गई। तब चिकित्सक ने महिला को अन्य हॉस्पिटल ले जाने की सलाह दी। जिसके बाद परिजन महिला को अन्य हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद परिजन महिला का शव शक्ति नगर हास्पिटल के सामने ले आए और चिकित्सक पर हत्या का आरोप लगाते हुए विलाप करने लगे। महिला के मायके पक्ष के लोग भी आ गए। हंगामे का माहौल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर सीओ प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह, जनपद के नोडल अधिकारी डॉ. विश्वास अग्रवाल भी मौके पर पहुंच गए।

### संभल : मिट्टी की ढांग में दबकर किशोरी की मौत, महिला समेत तीन घायल



**संभल।** असमोली थाना क्षेत्र के गांव हरथला में मिट्टी की ढांग गिरने से दबकर किशोरी की मौत हो गई जबकि महिला और दो युवती घायल हो गईं।

गांव हरथला निवासी राखी पुत्री दिनेश, रोशनी पुत्री झंडू, शहनाज पत्नी जाकिर, रश्मि (16 वर्ष) पुत्री चरन सिंह शुक्रवार को सुबह करीब 9:30 बजे घर की लिपाई के लिए मिट्टी लेने को गांव के ही पास तालाब के किनारे गुजर रही सूखी नहर पर पहुंची। मिट्टी खोदने के दौरान अचानक भरभरा कर ढांग गिर गई। जिसमें महिला, किशोरी और दोनों युवतियां दब गईं। मौके पर मौजूद बच्चों ने इसकी सूचना तालाब से गीली मिट्टी निकाल रहे लोगों को दी। लोगों ने मौके पर पहुंचकर राखी, रोशनी और शहनाज को कड़ी मशक्कत कर बाहर निकाल लिया जबकि रश्मि को जेसीबी से खुदाई कर बाहर निकाला गया। घायल राखी, रोशनी और शहनाज को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि रश्मि को परिजन मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए।

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म, पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**संभल।** नखासा थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी युवक ने शादी का झांसा देकर अपने घर बुलाकर युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। युवती ने युवक के साथ शादी करने की बात उसके परिजनों से की तो युवक के परिजनों ने युवती के साथ मारपीट की। तहरीर मिलने पर पुलिस ने युवक सहित पांच लोगों पर दुष्कर्म व मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला सम्मन सईद पक्का बाग निवासी अरबाज पिछले पांच वर्षों से थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि शादी का झांसा देकर अरबाज ने कई बार युवती के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। युवती जब भी शादी करने की बात करती अरबाज टालमटोल कर देता।

## महिला का ऑटो में छूटा बैग, सर्च ऑपरेशन में मिली सफलता...तबस्सुम जहां बोलीं- थैंक्यू सर

**मुरादाबाद।** लखनऊकी महिला का ऑटो में बैग छूट गया, उसमें ज्वैलरी व कपड़े थे। परेशान महिला ने पुलिस को खबर की। फिर साढ़े छह घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद पुलिस को सफलता मिली। ऑटो को खोजकर उसका बैग बरामद किया और उसमें रखी ज्वैलरी-कपड़े पाकर महिला की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने गलशहीद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी और उनकी टीम को कई बार में कहा...थैंक्यू सर!



तबस्सुम जहां पत्नी अब्दुल रहमान ने बताया, वह लखनऊके थाना हुसैनाबाद क्षेत्र में क्लॉक टॉवर के पास की रहने वाली हैं। वह अपनी दो बहनों के साथ संभल जा रही थीं। संभल में उनकी छोटी बहन की ननद की मंगनी है। सुबह 9.45 बजे मुरादाबाद रेलवे जंक्शन पर उतरी थीं। फिर ऑटो से वह रोडवेज बस अड्डा पहुंची थीं, जहां ऑटो वाले को भाड़ा देने के समय बैग उसी में भूल गईं। जब याद आया तो ऑटो निकल चुका था। बैग में करीब डेढ़ तोला सोने की ज्वैलरी और कपड़े थे। परेशान तबुस्सुम रोडवेज पुलिस चौकी पहुंची और घटना बताई। इसके बाद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी मौके पर पहुंचे। पीड़िता से प्रारंभिक जानकारी लेने के बाद उनकी दोनों बहनों को संभल भेज दिया। इसके बाद थानाध्यक्ष ने ऑटो की पहचान करने के लिए पीड़ित महिला को साथ लेकर रेलवे स्टेशन के सामने दिल्ली रोड पहुंचे और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला। फुटेज में ऑटो की पहचान हो गई। जिसके आधार पर वह ऑटो मालिक के घर लंगड़े की पुलिया पहुंचे, जहां पता चला उसने अपना ऑटो बेच दिया था। फिर पुलिस टीम ऑटो चालक के घर करूला पहुंची, जहां से ऑटो चालक के परिजन ने मोबाइल नंबर दिया। फोन करने पर ऑटो चालक अमरोहा गेट पर मिला। ऑटो में बैग बरामद हो गया। इस तरह सर्च ऑपरेशन में कुछ 6.30 घंटे लग गए। पुलिस की टीम में थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी, दरोगा विनय मित्तल, नरेश कुमार, दीया बालियान और कांस्टेबल रवित कुमार थे। उधर, बैग और उसमें रखा सामान वापस मिलने से खुश तबस्सुम जहां ने कहा, बैग गायब होने और वापस मिलने तक पूरा दिन निकल गया लेकिन, खुशी इस बात की है कि खोया सामान उसे दोबारा मिल गया...पुलिस ने बहुत मेहनत की है।

## संभल : खेत में सोता दिखा तेंदुआ, साहसी युवक ने खींची फोटो

**संभल।** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में हरे चारे की फसल में तेंदुआ सोता हुआ देखा गया। गांव के युवक ने साहस दिखाते हुए लोकेशन के साथ सोते हुए तेंदुए की फोटो खींचकर वन विभाग को भेजी तो हड़कंप मच गया। वन विभाग के अधिकारी गांव पहुंच गए हैं और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की तैयारी की जा रही है

गांव मोहम्मदपुर मालिनी निवासी नन्हे सुबह को शौच करने जंगल में जा रहा था। साथ में गांव का ही युवक साकिब भी नन्हे का साथ चल रहा था। नन्हें व साकिब चलते चलते गांव की ही आकिल के खेत में खड़ी मक्का की फसल के पास पहुंचे। बराबर में खड़ी हरे चारे की फसल में तेंदुआ सो रहा था।



सोते हुए तेंदुए को देखकर नन्हे व साकिब घबरा गए, लेकिन साकिब ने हिम्मत से काम लेते हुए फोन से सोते हुए तेंदुए का फोटो अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया। खेत में तेंदुए के सोने की जानकारी होने पर ग्रामीण समूह बनाकर खेतों में खड़ी मक्का व अन्य फसलों की रखवाली करने जंगल में पहुंचे। शनिवार को भी धीमरखेड़ी के जंगल में खाली खेत में दौड़ते दूसरे खेत में खड़ी फसल में जाते हुए तेंदुए की वीडियो वायरल हुई थी। वहीं दो गांवों में तेंदुआ होने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी सक्रिय हो गई है। सोमवार को तेंदुए की सही लोकेशन जानने के लिए वन विभाग के अधिकारी जंगल में भ्रमण कर रहे हैं। इसके साथ ही पिंजरा लगाने की तैयारी भी की जा रही है।

# सीतापुर हत्याकांडः पहले पुलिस को घुमाता रहा सख्ती पर टूट गया टीचर

**सीतापुर** : सीतापुर के पाल्हापुर हत्याकांड में अनुराग के भाई अजीत से क्राइम ब्रांच व पुलिस की टीम ने कई बार अलग–अलग पूछताछ की। सूत्रों की मानें तो अजीत ने पुलिस को गोलमोल जवाब दिए। आखिर में वह टूट गया। दरअसल, जब से घटना हुई है तब से अजीत सवालों के घेरे में है। उसका कमरे में बंद होना, फिर घर में मौजूद छह लोगों की मौत के बाद बाहर आ जाना किसी फिल्म की पटकथा जैसा लगता है।

क्राइम ब्रांच ने अजीत से पूछा कि घटना के समय तुम जाग रहे थे या फिर सो रहे थे। अजीत ने बताया कि वह सो रहा था। इसके बाद टीम ने पूछा कि क्या तुमने गोली चलने की आवाज सुनी तो उसने कहा कि मां ने गोली चलने की आवाज सुनी तो उससे कहा कि अनुराग सबको मार रहा है, यह बताकर बाहर से कुंडी बंद कर दी।



इसके बाद अजीत ने भी अंदर से कुंडी बंद कर दी। घटना के बाद गांव वाले जब मौके पर पहुंचे तो अजीत घर के बाहर खड़ा हुआ था। इसके बाद पुलिस ने सवाल किया कि जब कुंडी बाहर से बंद थी तो तुम बाहर कैसे आए। इस पर वह बंगले झांकने लगा।

पड़ोसी ने बताया कि जब वह पहुंचा तो बच्चे जमीन पर पड़े थे। उन्हें अस्पताल पहुंचाने के लिए गाड़ी की चाभी मांगी तो चाभी नहीं दी। पुलिस ने इस बिंदु पर भी पूछताछ की। इस पर वह चुप रहा। जब पुलिस टीम ने उससे प्रापर्टी संबंधी सवाल किए तो वह पुलिस को घुमाता रहा।

**पड़ोसियों के बयान बने अहम कड़ी**

पुलिस ने रविवार को गांव पहुंचते ही ग्रामीण और पड़ोसियों से पूछताछ शुरू कर दी। इसमें सामने आया कि अजीत घटना के समय घर के बाहर था। लेकिन उसने शनिवार को पुलिस को बताया था कि मां ने उसे कमरे में बंद कर दिया था। इसी के बाद पुलिस ने उसपर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था।अनुराग को बताया था मानसिक विक्षिप्त

पल्हापुर हत्याकांड में जहां एक तरफ पुलिस ने घटना में अनुराग को मानसिक विक्षिप्त बताते हुए हत्यारोपी बना दिया। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरी वारदात को बर्बरतापूर्ण हत्या की दिशा में मोड़ दिया है। जिस अनुराग को पुलिस ने मानसिक विक्षिप्त बताते हुए घटना का मुख्य आरोपी माना था। उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पुलिस की थ्योरी को फेल कर दिया है।

> वहीं दूसरी गोली बाएं तरफ से मारी गई जो कि दिमाग में जाकर फंस गई। सूत्रों की मानें तो अनुराग के दिमाग में फंसी गोली 315 बोर कीहै। जो अवैध असलहे से चलाई गई है। अनुराग के पोस्टमार्टम के दौरान हुए एक्सरे में गोली पाई गई। इस रिपोर्ट ने यह इशारा कर दिया है कि अनुराग की हत्या हुई है। इसके साथ ही उसकी मां सावित्री के सिर में पांच से छह चोटें आई है। जो कि हथौड़े की होना बताई गई हैं।

# पति ने 5 वाला कुरकुरे नहीं खरीदा तो छोड़कर चली गई मायके

**आगरा** में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। पति के कुरकुरा नहीं दिलाने पर पत्नी गुस्सा हो गई और छोड़कर मायके चली गई। मामला अब परिवार परामर्श केंद्र जा पहुंचा। जहां दोनों में समझौते का प्रयास किया जा रहा है।

सुनील साकेत, आगराः आजकल पति–पत्नी के रिश्तों में छोटी–छोटी बातों में दरार आ जा रही है। गुस्से में मामला इतना बढ़ जाता है कि शादी टूटने की नौबत तक आ जाती है। कुछ ऐसा ही एक अजीबोगरीब मामला आगरा में देखने को मिला है, जिसमें मात्र 5 रुपये के कुरकुरे पर दंपती में विवाद इतना बढ़ गया कि शादी टूटने तक की नौबत आ गई। पति ने पत्नी को कुरकुरे का पैकेट नहीं दिलवाया तो पत्नी इतना गुस्सा हो बैठी कि ससुराल छोड़कर मायके में जा बैठी। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंच गया। दोनों के बीच समझौता कराने की कोशिश की गई, लेकिन बात नहीं बन सकी है।



शाहगंज की रहने वाली एक युवती की शादी साल 2023 में सदर क्षेत्र में हुई थी। पत्नी को कुरकुरा खाने का शौक था। हुआ यूं कि पत्नी ने कुरकुरा खाने की फरमाइश की तो पति ने उसे कुरकुरा नहीं दिलाया। इस बात पर दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि मारपीट तक हो गई। इससे गुस्साई पत्नी अपने पति के घर को छोड़कर मायके पहुंच गई। पत्नी ने इसकी शिकायत पुलिस से कर दी। पुलिस ने मामला परिवार परामर्श केंद्र भेज दिया। शनिवार को दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया। काउंसलर डॉ. सतीश खिरवार ने बताया कि दोनों पक्षों में आपसी समझौता कराने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बन सकी है। दोनों को अगली तारीख दी गई है। हो सकता है कि मामला सुलझ जाए।

काउंसलर डॉ. सतीश खिरवार ने बताया कि युवती का पति चांदी का काम करता है। पत्नी को शादी से पहले ही कुरकुरा खाने की आदत थी। पत्नी ने बताया कि शादी के छह महीने तक पति ने उसका खूब ख्याल रखा, लेकिन अब उसके तेवर बदल गए हैं।

# मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने तीन नक्सलियों को किया ढेर

**मुंबई** : सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि नक्सलियों के पेरीमिली दलम के कुछ सदस्य विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भामरागढ़ तालुका के कटरांगट्टा गांव के पास जंगल में डेरा डाले हुए हैं।

महाराष्ट्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया। घटना महाराष्ट्र के गढ़चिरौली की है। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि नक्सलियों के पेरीमिली दलम के कुछ सदस्य विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भामरागढ़ तालुका के कटरांगट्टा गांव के पास जंगल में डेरा डाले हुए हैं।

जानकारी मिलने के बाद, गढ़चिरौली पुलिस की एक विशेष लड़ाकू शाखा सी–60 कमांडो की दो इकाइयों को तुरंत इलाके की तलाशी के लिए भेजा गया। टीमें तलाशी अभियान चला रही थीं, तभी नक्सलियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। सी–60 कमांडो ने उनका कड़ा जवाब दिया। बाद में वहां से एक पुरुष और दो महिला नक्सलियों के शव बरामद किए गए। मृतकों में से एक की पहचान पेरिमिली दलम के प्रभारी और कमांडर वासु के रूप में हुई है। घटनास्थल पर एक एके–47 राइफल, एक कार्बाइन, एक इंसास राइफल, नक्सली साहित्य सहित अन्य सामान जब्त किए गए हैं। पुलिस इलाके में नक्सल विरोधी अभियान चल रही है।



# स्कूली छात्रा के साथ शिक्षक ने किया दुष्कर्म! बदहवास हालत में छोडकर भाग




**आगराः** उत्तर प्रदेश आगरा के जैतपुर थाना क्षेत्र में एक शिक्षक ने मर्यादा को तार–तार कर दिया। आरोपी ने स्कूल की नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे बदहवास हालत में छोड़ कर भाग गया। जब घरवालों बेटी की तलाश की तो उन्हें घर से दूर बदहवास हालत में पड़ी मिली। पिता की तहरीर पर शिक्षक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी शिक्षक फरार हो गया है। पुलिस उसे पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी गांव के एक इंटर कालेज में 11वीं की छात्रा है। स्कूल में अनुज यादव नामक शिक्षक पढ़ाता है। अनुज यादव ने 4 दिन पूर्व उसकी बेटी को फोन करके बुलाया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। बेटी को वह बदहवास हालात में छोड़ गया। इसके अलावा बेटी को धमकी देकर गया था। अगर किसी से इसकी जानकारी दी तो जान से मारी जाएगी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो और दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज किया है।

# गोरखपुर की पटाखा फैक्ट्री में लगी आग

**गोरखपुरः** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर स्थित पिपराइच थाना क्षेत्र की एक पटाखा फैक्ट्री में सुबह धमाके के साथ आग लग गई। धमाके की आवाज सुनते ही आस–पास के क्षेत्र में अफरा–तफरी का माहौल पैदा हो गया, लोग इधर–उधर भागने लगे। घटना में एक व्यक्ति के बुरी तरह जल जाने की सूचना मिली है। गंभीर अवस्था में उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया हैं, जहां डॉक्टरों ने उसके 80 प्रतिशत जल जाने की बात कही। वहीं फैक्ट्री भी पूरी तरह जलकर राख हो गई, मामले में पुलिस जांच कर रही है।

पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगल भूषण में स्थित यह फैक्ट्री बुढ़ऊचाचा पटाखे वाले के नाम से मशहूर है, जिसे उनका बेटा अब्दुल्ला संचालित करता है। फैक्ट्री में देसी अनार, बम और आतिशबाजी के समान तैयार किए जाते हैं। सोमवार की सुबह धमाके के साथ आग लगने के बाद हाहाकार मच गया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। इस दौरान फैक्ट्री के दीवार भी पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। घटना में एक व्यक्ति के बुरी तरह जल जाने सूचना मिली है, जिसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टर ने उसकी स्थिर बताई है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।



**फैक्ट्री के लाइसेंस की जांच**

घटना के बाद मौके पर पहुंचे एसपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार का कहना है कि फैक्ट्री विगत 16 साल से यहां संचालित थी। इसे कोतवाली थाना क्षेत्र के रहने वाले बुढ़ऊ चाचा के नाम से मशहूर जियाउल संचालित करते रहे हैं, उनकी मृत्यु के बाद अब इस फैक्ट्री को उनका बेटा अब्दुल्ला चलाता है। इसका लाइसेंस है या नहीं इसकी जांच कराई जा रही है, अगर कुछ भी नियम के खिलाफ पाया जाता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना में मेराज नाम का एक व्यक्ति घायल हुआ है, जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

# पति से विवाद हुआ तो 3 साल की मासूम को पहाड़ी पर छोड़ आई महिला सरपंच

**रायपुरः** दिल दहला देने वाला एक मामला छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में सामने आया है। एक महिला सरपंच अपनी 3 साल की मासूम बच्ची को अकेले जंगल में छोड़ कर आ गई, जिससे बच्ची की भूख प्यास से तड़पकर मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में पति–पत्नी का विवाद सामने आया है। पुलिस का कहना है कि महिला घरेलू विवाद से नाराज होकर दो बच्चों के साथ घर से निकल गई थी, लेकिन वह शाम को वापस लौटी तो उसके साथ एक ही बच्चा था। पुलिस ने काफी खोजबीन की, तब जाकर 4 दिन बाद बच्ची की लाश बरामद हुई।

वन ग्राम पटपरहा मुंगेली जिले के लोरमी थाना क्षेत्र के खुड़िया चौकी में स्थित है। महिला सरपंच संगीता पंद्राम और उनके पति शिवराम पंद्राम के बीच 6 मई को एक विवाद हुआ था। उसके बाद, महिला सरपंच ने अपने दो बच्चों को साथ लेकर शाम को मायके जाने का निर्णय किया। उनके साथ 3 साल की बेटी अनुष्का और एक साल का बेटा भी थे। महिला सरपंच का मायका लगभग 25 किलोमीटर दूर मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले के गोपालपुर में है, जो मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर बना है।

> शिवराम ने संबंधित थाने में इसकी शिकायत दी। इसके बाद पुलिस भी एक्टिव हो गई। पुलिस ने महिला से पूछताछ की तो महिला ने पुलिस को बरगलाया। महिला पुलिस को वह जगह नहीं बता पाई, जहां उसने बच्ची को छोड़ा। 24 घंटे बाद भी जब बच्ची नहीं मिली, तो टीम बनाकर तलाश की गई। 4 दिन बाद उसी पहाड़ी पर बच्ची की लाश मिली, जहां उसकी मां ने छोड़ा था। पुलिस ने शव को तुरंत पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



एसडीओपी माधुरी धीरही ने बताया कि महिला सरपंच दोनों बच्चों को लेकर निकली थी। गांव से लगभग 5 किलोमीटर दूर मैलू पहाड़ी पर वह बच्ची को छोड़ कर आ गई। यह हिस्सा टाइगर रिजर्व एरिया में आता है। इस घटना को महिला सरपंच ने अपने ससुराल के पड़ोसी को बताया। इसके बाद पड़ोसियों ने महिला सरपंच के पति शिवराम पंद्राम को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर शिवराम पंद्राम तुरंत अपने साथियों के साथ बच्ची को खोजने के लिए जंगल में निकल पड़ा।

शिवराम ने संबंधित थाने में इसकी शिकायत दी। इसके बाद पुलिस भी एक्टिव हो गई। पुलिस ने महिला से पूछताछ की तो महिला ने पुलिस को बरगलाया। महिला पुलिस को वह जगह नहीं बता पाई, जहां उसने बच्ची को छोड़ा। 24 घंटे बाद भी जब बच्ची नहीं मिली, तो टीम बनाकर तलाश की गई। 4 दिन बाद उसी पहाड़ी पर बच्ची की लाश मिली, जहां उसकी मां ने छोड़ा था। पुलिस ने शव को तुरंत पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रिपोर्ट में किसी तरह के जंगली जानवरों के निशान बच्ची के शरीर पर या अंदरूनी चोट नहीं पाई गई।

## संक्षेप खबरें

### हरियाणा में नायब सैनी सरकार के फ्लोर टेस्ट की तैयारी



**चंडीगढ़ः** हरियाणा में लोकसभा चुनावों के बीच खड़े हुए राजनीतिक संकट पर अब बीजेपी विपक्ष को घेरने के मूड में है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्?टर ने दावा किया है। राज्य में विपक्ष एकजुट नहीं है। कांग्रेस और जेजेपी के विधायक फ्लोर टेस्ट होने की स्थिति में छिटक सकते हैं। पूर्व सीएम ने यह बयान ऐसे वक्त पर दिया है जब राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कांग्रेस के सभी 30 विधायकों के हस्ताक्षर मांगे हैं। इस तैयारी को फ्लोर टेस्ट से जोड़कर देखा रहा है। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलने गया था, लेकिन गर्वनर हाउस में अपना पत्र छोड़कर आया था। उस वक्त राज्यपाल दिल्ली में थे। जेजेपी ने भी फ्लोर टेस्ट की मांग को लेकर पत्र लिखा था।

### हरियाणा के किसान के बेटे ने अमेरिका में जीता गोल्ड

**नूंहः** हरियाणा के नूंह जिले के तावड़ू उपमंडल के गांव चाहल्का के रहने वाले राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान ने अमेरिका के फ्लोरिडा में एसईसी चैंपियनशिप में एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शनिवार को जहां परवेज ने एसईसी ट्रैक एंड फील्ड आउटडोर चैंपियनशिप 2024 में 1500 मीटर और 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर फाइनल इवेंट में जगह बनाई, तो वहीं रविवार को आयोजित प्रतियोगिता में 1500 मीटर स्पर्धा में गोल्ड और 800 मीटर में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है। यहां तक पहुंचने वाले वह पहले भारतीय एथलीट हैं। परवेज की तूफ़ान जैसी रफ्तार देखकर लोगों के साथ साथझसाथ उद्योगपति भी प्रभावित हुए हैं। परवेज की दौड़ को देखकर महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरपर्सन आनंद महिंद्रा भी अपने आप को नहीं रोक पाए। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर परवेज की वीडियो शेयर कर उनकी जमकर सराहना की। दौड़ स्पर्धा में प्रथम आकर परवेज खान ने ओलंपिक में जगह बनाने की राह आसान कर ली है।

गौरतलब कि अमेरिका के फ्लोरिडा में आयोजित एसईसी ट्रैक एंड फील्ड आउटडोर चैंपियनशिप 2024 में मेवात जिले के चाहल्का निवासी 20 वर्षीय परवेज खान ने क्वालिफाइंग रेस में 800 मीटर को 1.48.33 मिनट में और 1500 मीटर 3.44.98 मिनट में पूरी कर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी। जिसके बाद रविवार की रात फिर से फाइनल का मुकाबला हुआ।




आवश्कता, नाम परिवर्तन, खोया–पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में

सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाइये अपनी बात

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें
94568843327



# 9 हजार से ज्यादा तीर्थयात्रियों के पहुंचने से मचा हड़कंप

## हालात बिगड़े पुलिस ने हालात को देखते हुए यात्रियों से अपनी यात्रा स्थगित करने के लिए कहा था



**देहरादूनः** उत्तरकाशी के यमुनोत्री में हजारों की संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने से हालात बिगड़ गए और लंबे जाम की स्थिति बन गई है। इस दौरान यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि यमुनोत्री के रास्ते में लगे भीषण जाम के कारण श्रद्धालुओं से अपनी यमुनोत्री यात्रा स्थगित करने की अपील करने वाली पुलिस ने रविवार शाम को यात्रा के दोबारा संचालन की सूचना दी। जबकि बारिश और खराब मौसम को देखते हुए केदारनाथ यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं से फिलहाल अनावश्यक सफर से बचने की अपील की गई है।

उत्तराखंड पुलिस का बयान आया सामने उत्तराखंड पुलिस ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर कहा कि यमुनोत्री यात्रा दोबारा सुचारू रूप से चल रही है। पुलिस ने कहा, 'आप यात्रा दोबारा शुरू कर सकते हैं।' पुलिस की ओर से जारी सूचना में यह भी बताया गया है कि यातायात के सुरक्षित और सुचारू संचालन के लिए यमुनोत्री मार्ग पर पालीगाड़ से जानकीचटटी के बीच संवेदनशील व संकरे स्थानों पर यातायात को 'गेट व वन वे सिस्टम' से चलाया जा रहा है।

गौरतलब है कि उत्तरकाशी जिले में 10,804 फुट की उंचाई पर स्थित यमुनोत्री धाम की यात्रा अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को ही शुरू हुई है और यमुनोत्री सहित सभी धामों में भगवान के दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। इससे पहले, पुलिस ने 'एक्स' पर कहा था कि आज श्री यमुनोत्री धाम पर क्षमता के अनुसार पर्याप्त श्रद्धालु यात्रा के लिए पहुंच चुके हैं। अब और अधिक श्रद्धालुओं को भेजना जोखिम भरा है। जो भी श्रद्धालु आज यमुनोत्री यात्रा पर आने जा रहे हैं, उनसे विनम्र अपील है कि आज यमुनोत्री जी की यात्रा स्थगित करें।

चारों धामों की यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यमुनोत्री के लिए अब तक देश–विदेश के 3.97 श्रद्धालु अपना आनलाइन पंजीकरण करवा चुके हैं। यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए 9,000 से अधिक तीर्थयात्री करीब 24 घंटे बड़कोट और जानकीचट्टी के बीच जाम में फंसे रहे। उत्तरकाशी के पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने खुद मौके पर जाकर मोर्चा संभाला और किसी तरह से जाम को खुलवाया। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि शनिवार को जो जाम की स्थिति बनी थी, पुलिस ने रात भर ड्यूटी कर उसे साफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल यातायात सामान्य है। उन्होंने कहा था कि रविवार को 9,000 तीर्थ यात्री यमुनोत्री के आधार शिविर जानकीचट्टी पहुंच चुके हैं और अब यमुनोत्री धाम में रहने के लिए बिल्कुल जगह नहीं है। उधर, उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति बनी हुई है। गंगोत्री राजमार्ग पर सुक्की के पास सात मोड़ पर दोपहर बाद करीब ढाई किलोमीटर लंबा जाम लग गया जिसके कारण तीर्थयात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। बाद में पुलिस ने गंगनानी और सोनगाड़ से गेट सिस्टम से वाहनों को निकालकर जाम खुलवाया। हालांकि, यहां राजमार्ग के संकरा होने के कारण जाम की स्थिति बनी हुई है। बारिश और खराब मौसम को देखते हुए रुद्रप्रयाग पुलिस ने तीर्थयात्रियों से सुरक्षित स्थानों पर ही ठहरने की अपील की है।रुद्रप्रयाग पुलिस ने केदारनाथ की यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं से अपील की है कि संपूर्ण रुद्रप्रयाग जिले में इस समय तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। पुलिस ने कहा, 'जिले के कुछ हिस्सों में तेज व कहीं हल्की बारिश हो रही है। रात्रि का समय निकट है, ऐसे में अनावश्यक सफर से बचें।

# खुलासा : खरगे ही नहीं, अमित शाह और जेपी नड्डा के हेलीकॉप्टर की भी हुई तलाशी



**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव 2024 धीरे–धीरे अपनी समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। 13 मई 2024 को देश के विभिन्न राज्यों की 96 सीटों पर वोटिंग का आयोजन किया जाएगा। हालांकि, वोटिंग से कुछ ही दिन पहले बिहार में चुनाव आयोग द्वारा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की जांच से विवाद खड़ा हो गया था। कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर विपक्ष को निशाना बनाने का आरोप लगाया था। हालांकि, अब इस विषय में बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने बड़ा खुलासा किया है।

बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने बताया है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की जांच एक नियमित प्रक्रिया थी। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ट्वीट कर किसी एक पार्टी के नेता की जांच के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा के हेलीकॉप्टर की भी तलाशी ली गई थी।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बीते शनिवार को बिहार में कुछ रैलियों को संबोधित करने गए थे। हालांकि, यहां के समस्तीपुर जिले में चुनाव अधिकारियों ने उनके हेलीकॉप्टर की जांच की थी। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों और कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के इस कदम का विरोध किया था। लोकसभा चुनाव 7 चरणों में होंगे। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल और सातवें चरण की वोटिंग एक जून को होगी।

# हमें सही मायने में 2014 में आजादी मिली है , कंगना रनौत का बयान



**नई दिल्लीः**लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चौथे फेज की वोटिंग 13 मई 2024 को हो रही है। इस फेज में विभिन्न राज्यों की कुल 96 सीटों पर वोटिंग हो रही है। हालांकि, वोटिंग से ठीक पहले हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने फिर कुछ ऐसा बयान दिया है जिसपर विवाद खड़ा हो सकता है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में कंगना ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा है कि सही मायने में 2014 में हमें आजादी मिली है, हमें स्वतंत्रता मिली है। आइए जानते हैं पूरा मामला।

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने मुगलों की गुलामी देखी, उसके बाद अंग्रेजों की गुलामी देखी और फिर कांग्रेस का कुशासन देखा लेकिन सही मायने में 2014 में हमें आजादी मिली है, हमें स्वतंत्रता मिली है। सोचने की स्वतंत्रता, सनातन की स्वतंत्रता, अपना धर्म बनाने की स्वतंत्रता, इस देश को हिंदू–राष्ट्र बनाने की स्वतंत्रता।भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने राज्य के बजौरा में सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कहा कि कांग्रेस का कार्टून चंद्रमा पर आलू उगाना चाहता है। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री की गोद में बैठता है। जब उसे बताया गया कि यह लोकतंत्र का मंदिर है और यहां पर इस तरह का व्यवहार उचित नहीं है तो वह चले जाता है। उनकी बचकानी हरकतों को कौन भूल सकता है। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की कुल 4 सीटें हैं। इन सभी सीटों पर एक साथ लोकसभा चुनाव के 7वें और आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होंगे।

# आत्महत्या ही नहीं , गायब भी हो रहे छात्र







**कोटा :** राजस्थान के कोटा से छात्रों के आत्महत्या का मामला सामने आता रहता है, लेकिन अब स्टूडेंट के गायब होने की खबरें भी सामने आ रही हैं। बिहार का एक छात्र गायब हो गया है, जो कोटा में ठएएळ की तैयारी कर रहा था। छात्र अमन कुमार सिंह (19) बिहार का निवासी है। पुलिस ने अमन के परिजनों को मामले की जानकारी दे दी है और उसकी तलाश जारी है। यह मामला कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र का है। छात्र बूंदी रोड के एग्जॉटिका गार्डन के पीछे स्वर्ण विहार में नीट की तैयारी की कोचिंग कर रहा था।

छात्र के कमरे से एक नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उसने नीट की परीक्षा अच्छा नहीं जाने की बात कही है। इसी के साथ उसने लिखा है कि उसे बैराज के पास खोज लिया जाए। कुन्हाड़ी थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया, ₹लापता 19 साल के छात्र का नाम अमन कुमार सिंह है। वह बिहार का रहने वाला है। दो साल से कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। कमरे से बरामद नोट में छात्र ने पेपर अच्छा नहीं जाने की भी बात लिखी है। रविवार तड़के करीब दो से ढाई बजे के बीच छात्र कमरे से गायब हो गया। छात्र की तलाश की जा रही है। उसके परिजनों को सूचना दे गई है।बीते दिनों नीट की तैयारी कर रहा एक और छात्र गायब हो गया था। गंगापुर सिटी के बामनवास निवासी राजेंद्र कोटा के विज्ञान नगर इलाके में पीजी में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। वह 6 मई को पीजी से कोचिंग के लिए निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। उसने अपने परिजनों को मैसेज किया– 'मैं जा रहा हूं, मुझे नहीं पढ़ना, पांच साल बाद लौटूंगा।' परेशान परिजनों ने विज्ञान नगर थाने में छात्र की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# दिल्ली में स्कूलों, अस्पतालों के बाद एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी




**नई दिल्लीः**दिल्ली में फिर धमकी भरा ईमेल आया है। इस बार दिल्ली एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इससे पहले बुराड़ी के अस्पताल और संजय गांधी अस्पताल में धमकी वाला ईमेल मिला था। पुलिस मौके पर मौजूद है और दोनों अस्पतालों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। अस्पतालों को धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद मौके पर पुलिस, दमकल विभाग और सिविक एजेंसियां, बम और डॉग स्क्वॉड की मदद से अस्पताल में तलाशी अभियान चलाया गया। अस्पताल परिसर से कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली। इससे पहले स्कूलों को बस से उड़ाने की धमकी का ईमेल आया था। हालांकि, किसी भी स्कूल में कोई भी विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला था। सुरक्षा बलों की मदद से सभी स्कूलों का खाली कराया गया था और बच्चों का सुरक्षित घर पहुंचाया गया था।

इसके बाद मेल करने वाले पते की जांच शुरू की गई। हालांकि, इस मामले में पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है। दिल्ली पुलिस की खास टीम इंटरपोल की मदद से रूस में संपर्क कर चुकी है और मेल करने वाले के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जिस मेल आईडी से स्कूलों को उड़ाने की धमकी दी गई थी। उसका सर्वर रूस का राजधानी मास्को में है। हालांकि, अब तक मेल भेजने वाले का पता नहीं लगाया जा सका है।

दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर 25 मई को मतदान होना है। उससे पहले देश की राजधानी को सुरक्षित रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

संक्षेप खबरें

## जंगपुरा में मेड ने ही रची थी डॉक्टर की हत्या की साजिश



**धनबादः** देश की राजधानी दिल्ली के जंगपुरा में घर के अंदर डॉक्टर की हत्या ने सभी को हैरान कर दिया था। हालांकि, पुलिस ने अब इस हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। दिल्ली के थाना हजरत निजामुद्दीन के जंगपुरा एक्सटेंशन इलाके में एक डॉक्टर के घर लूट और हत्या के मामले में पुलिस ने 62 वर्षीय मेड को दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया है। दरअसल, लूट की साजिश की मास्टरमाइंड 62 वर्षीय बसंती है, जो डॉक्टर के घर करीब 24 साल से काम कर रही थी।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक 10 तारीख को जंगपुरा एक्सटेंशन इलाके में डॉ योगेश चंद्र पॉल घर के अंदर किचन में मृत पाए गए थे। उनके दोनों हाथ बंधे हुए थे, इसके अलावा घर में लूटपाट की गई थी। डॉ योगेश चंद्र की पत्नी जब घर पहुंची तो उन्होंने देखा कि डॉक्टर योगेश चंद्र किचन में मृत पड़े है और घर में लूटपाट हुई है। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई।

डीसीपी साउथ ईस्ट राजेश देव ने बताया कि पुलिस ने जब इस मामले में जांच शुरू की तो सीसीटीवी कैमरे के जरिए 6 लोगों का आईडेंटिफाई किया गया और घर की मेड बसंती को गिरफ्तार किया गया। राजेश देव ने बताया कि बसंती ने ही लूट की साजिश रची थी। बसंती ने हरिद्वार के एक क्रिमिनल विश्वरूप साय से संपर्क किया। इसके बाद उसने लूट के लिए एक टीम बनाई जिसमें नेपाल के कुछ लोग और हरिद्वार के एक पंडित को भी शामिल किया। वारदात से पहले आरोपियों ने घर की रेकी की और 10 तारीख को वारदात को अंजाम दे दिया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक घर से करीब तीन से चार लाख रुपए लूटे गए और आरोपी काफी ज्वेलरी भी लूट कर ले गए। वारदात के दौरान आरोपियों ने डॉ योगेश को मौत के घाट उतार दिया।

## पश्चिम बंगाल में मतदान के दौरान बीजेपी–टीएमसी कार्यकर्ता भिड़े, भाजपा नेता की कार तोड़ी



**पश्चिम बंगाल** में मतदान के बीच बीजेपी नेता दिलीप घोष के काफिले पर पथराव हुआ है। पथराव के बाद हिंसा से उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कई लोग घायल भी हुए हैं। बीजेपी और टीएमसी कार्यकताओं के बीच विवाद जय श्री राम और जय बांग्ला के नारे लगाने पर शुरू हुआ। इसके बाद दोनों गुटों के बीच झड़प हुई और बीजेपी उम्मीदवार की कार तोड़ दी गई।

बर्धमान दुर्गापुर से बीजेपी उम्मीदवार दिलीप घोष मतदान के दौरान पूर्वी बर्धमान जिले के कलनागेट कोपी बागान शिशु शिक्षा केंद्र पर पहुंचे थे। उनके पहुंचते ही एक तरफ से जय बांग्ला और दूसरी तरफ से जय श्री राम के नारे लगाए जाने लगे। ऐसे में बीजेपी उम्मीदवारी की गाड़ी से सुरक्षाकर्मी बाहर आए और तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता को लाठी से पीट दिया। इसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

मतदान केंद्र पर तनाव बढ़ने के बाद सभी स्थानीय कार्यकर्ताओं के बाहर कर दिया गया है। घटना में दिलीप घोष की कार को नुकसान पहुंचा है। विवाद बढ़ने के बाद दिलीप घोष और उनके सुरक्षाकर्मी मौके से निकले गए। दुर्गापुर में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। वीरभूम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि एक मतदान केंद्र के बाहर उनके स्टॉल को टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने तोड़ दिया। टीमसी नेता राम प्रसाद हलदर ने कहा कि सुबह 6 बजे से केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ भाजपा के लोग आ रहे हैं और वोटरों को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक हुए हादसे का शिकार, जानवर को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

**छत्तीसगढ़** के कोरबा से एक बड़ी दुर्घटना की खबर सामने आई है। दरअसल जिले के पाली तानाखार का है, यहां पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा हादसे का शिकार हो गए हैं। पूर्व विधायक की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। वैसे इस हादसे में पूर्व विधायक बाल–बाल बच गए हैं, लेकिन इसमें उन्हें काफी गंभीर चोटे आई हैं। ये हादसा कटघोरा बायपास मार्ग के लखनपुर में हुआ है।

हादसे में घायल पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने बताया कि वह कोरबा से अपने घर वापस जा रहे थे। तभी कटघोरा बायपास पर बीच रास्ते में एक मवेशी (जानवार) बैठी हुई थी। उस जानवर को बचाने के चक्कर में कार डिसबैलेंस हो गई और सड़क किनते पेड़ से जा टकराई। इसके बाद किसी तरह से ड्राइवर और पूर्व विधायक कार से बाहर निकले और परिवार और पुलिस को हादसे की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में घायल पूर्व विधायक को अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

# मोटापा से किडनी, आंत, ब्रेस्ट समेत कई अलग–अलग किस्म के कैंसर का खतरा



**नई दिल्लीः**किसी मोटे इंसान को देखकर अक्सर लोग कहने लगते हैं कि ये तो किसी खाते–पीते घर का लगता है. आमतौर पर मान लिया जाता है कि ऐसा कोई भी इंसान या तो पैसेवाला होगा या फिर चिंता–मुक्त होगा, लेकिन पूरी दुनिया के डॉक्टर मानते हैं कि मोटा शरीर और ओवरवेट होना मुश्किलों का घर होता है. मोटा होने का मतलब होता है शारीरिक सक्रियता में कमी और वजन का लगातार बढ़ते चला जाना. जाहिर है इन सबका नतीजा होता है. बीमारियों का चेन रिएक्शन.

स्वीडन के एक विश्वविद्यालय ने मोटापा को लेकर एक ऐसी रिपोर्ट पेश की है जिससे हेल्थ एक्सपर्ट न सिर्फ चौंक गए हैं. बल्कि इसे चेतावनी के तौर पर ले रहे हैं. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मोटापा 32 अलग–अलग प्रकार के कैंसर की जड़ है. अमूनन माना जाता था कि मोटापा से कई बीमारियां हो सकती हैं...लेकिन कैंसर का खतरा लगभग न के बराबर समझा है, लेकिन इस रिपोर्ट की मानें तो ये भ्रम अब टूट गया है.पहले मोटापे से 13 प्रकार के कैंसर को लिंक किया गया था, लेकिन नये शोध ने इसमें 19 अन्य किस्म के कैंसर को भी जोड़ दिया गया है.दरअसल, वजन बढ़ने लगे तो शरीर पर नजर बनाकर रखना बेहद जरूरी है .जैसे अगर स्वस्थ व्यक्ति के इटकमें 5 प्वाइंट की वृद्धि हो जाए तो उसे खतरे में इजाफा समझना चाहिए. क्योंकि रिपोर्ट कहती है कि इटकमें बढ़ोतरी से पुरुषों में 24 फीसदी और महिलाओं में 12 फीसदी कॉमन कैंसर का खतरा बढ़ जाता है. स्वीडिश विश्वविद्यालय की इस रिपोर्ट को ग्राउंड ब्रेकिंग रिसर्च कहा जा रहा है जिसमें दुनिया के उपर कैंसर के टाइमबम का खुलासा हुआ है. करीब 40 साल तक का आंकड़ा इकट्ठा किया जिसमें 41 लाख लोगों के हेल्थ से जुड़े डाटा का विश्लेषण किया गया. इस दौरान 3 लाख से ज्यादा किस्म के कैंसर की पहचान गई और तब देखा गया कि कैंसर के 40 फीसदी मामलों की जड़ ओवरवेट यानि शरीर का जरुरत से ज्यादा वजन है.

> मोटा होने का मतलब होता है शारीरिक सक्रियता में कमी और वजन का लगातार बढ़ते चला जाना. जाहिर है इन सबका नतीजा होता है. बीमारियों का चेन रिएक्शन.

अब सवाल है कि मोटापा में ऐसा क्या होता है जिसकी वजह से जानलेवा कैंसर से जूझने का खतरा पैदा हो जाता है. यानि मोटे व्यक्ति के शरीर में बीमारियों से लड़ने की इम्युनिटी का लेवल इतना घट जाता है कि वो बड़ी बीमारी का जरिया बन जाता है...वैज्ञानिक मानते हैं कि कैंसर में इजाफा बायोलॉजिकल मेकनिज्म अर्थात जैविक तंत्र में तब्दीली से जुड़ा है...और इसके लिए वैज्ञानिक तीन कारण गिनाते हैं.क्रॉनिक इंफ्लेमेशन का खतरा होता है...और मेटाबॉलिज्म में भी परिवर्तन होने लगता है...साथ ही हॉमीन के स्तर में बदलाव होता है...और ये सब मिलकर कैंसर होने का सबब बन जाते हैं. डॉक्टर तो लगातार कहते आ रहे हैं कि मोटापा हर बीमारी को दावत देता है...और इसका सीधा कनेक्शन मोटापा की वजह से शरीर में आनेवाली निष्क्रियता है.

अपनी रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने करीब 23 संभावित कैंसर का जिक्रकिया है जिनमें कुछ तो हमेशा से दुनिया के ऊपर खतरे की तरह लटक रहा है मसलन. शोध के मुताबिक मोटापा से ब्रेस्ट कैंसर. आंत का कैंसर. गर्भाशय का कैंसर और किडनी कैंसर होने का खतरा बना रहता है. इसके अलावा 19 अन्य किस्म के भी कैंसर होने की आशंका खड़ी हो जाती है जिनमें गैस्ट्रिक ट्यूमर. छोटी आंत का कैंसर. सिर और गर्दन का कैंसर शामिल हैं.जंकफूड, सामाजिक निष्क्रियता मोटापा की बड़ी वजह

इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद हेल्थ एक्सपर्ट्स ने इसे वेकअप कॉल बता दिया है. वैज्ञानिक कह रहे हैं अगर मोटापा को रोक लिया गया तो खान–पान से संबंधित होनेवाले कैंसर को भी रोका जा सकता है. जिसका मतलब है जंकफूड पर कंट्रोल. ब्रिटेन मोटापा को महामारी की तरह देखा जा रहा है और सुझाव दिए जा रहे हैं कि जंकफूड के खिलाफ बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाया जाए. भारत में भी यही हकीकत है. जहां जंकफूड ने पूरी पीढ़ी को जकड़ रखा है. डॉक्टर्स कह रहे हैं कि कैंसर की वजहों में मोटापा को अबतक कमतर समझन की भूल की जा रही थी...लेकिन नई रिपोर्ट ने कैंसर की रोकथाम के कार्यक्रमों में इसे भी शामिल करने की जरूरत हो गई है...ऐसा नहीं है कि इससे बचने के उपाय नहीं हैं....हालांकि ये वही उपाय हैं जो रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े हैं. मोटापा के पीछे अगर वजह जंकफूड है...तो इसके बचाव में भी खानपान ही है और वो है हेल्दी डायट.

संपादकीय

## एक लंबे समय बाद अपने बारे में सोच रही है जनता

आम चुनाव के लिए मतदान के तीन चरण गुजरने के बाद सत्ता और विपक्ष दोनों को केवल एक सवाल खाये जा रहा है कि इस बार मतदान इतना कम क्यों हो रहा है? पहले और दूसरे चरण के मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े जारी करने में डेढ़ हफ्ते का समय लगाकर केंद्रीय चुनाव आयोग ने धारणा के स्तर पर राजनीतिक दलों को थोड़ा राहत देने की कोशिश बेशक की है कि मतदान पिछली बार के मुकाबले बहुत नहीं, मामूली ही कम है. यह बात अलग है कि नगालैंड के चार जिलों से पहले चरण में शुरू हुआ चुनाव बहिष्कार अब गुजरात और महाराष्ट्र तक पहुंच चुका है. यह स्वाभाविक रूप से चौंकाने वाली बात होनी चाहिए कि गुजरात के 25 लोकसभा क्षेत्रों में दर्ज 4.79 करोड़ योग्य मतदाताओं में से 1.90 करोड़ ने वोट क्यों नहीं डाला?

> सबकी जिज्ञासा भी यही है कि ये वोटर कौन हैं और इनकी अनिच्छा से नुकसान या फायदा किसको हो रहा है. हम इस जिज्ञासा को पलट कर रखेंगे और पूछेंगे कि जो 60 प्रतिशत मतदाता मतदान कर रहे हैं, वे ऐसा क्यों कर रहे हैं. उन्हें कौन सी चीज मतदान केंद्रों तक ले जा रही है? यह चुनाव क्या किसी मुद्दे पर खड़ा है जो लोगों को वोट डालने को उत्प्रेरित कर सके?

इस सवाल को थोड़ा उलट कर देखते हैं और अपनी समझदारी बनाने के लिए एक सवाल रखते हैं- लोकतांत्रिक चुनावों में मतदान करने के लिए मतदाता को आखिर कौन सी चीज प्रेरित करती है? सवाल पर आने से पहले एकबारगी यह भूल जाएं कि मतदान करना राष्ट्रीय कर्तव्य है, जैसा कि चुनाव आयोग से लेकर प्रधान न्यायाधीश और सरसंघचालक तक हर कोई पहले चरण के बाद से जोर देकर कह रहा है. दूसरी बात, यह याद रखें कि मतदान इस देश में अब तक अनिवार्य नहीं किया गया है, स्वैच्छिक ही है. अगर स्वतंत्रेच्छा वाकई कोई चीज है, तो मतदान प्रतिशत यह बताता है कि औसतन 40 प्रतिशत मतदाताओं की मतदान करने की कोई इच्छा नहीं है. चौतरफा सवाल इसी 40 प्रतिशत पर है. सबकी जिज्ञासा भी यही है कि ये वोटर कौन हैं और इनकी अनिच्छा से नुकसान या फायदा किसको हो रहा है. हम इस जिज्ञासा को पलट कर रखेंगे और पूछेंगे कि जो 60 प्रतिशत मतदाता मतदान कर रहे हैं, वे ऐसा क्यों कर रहे हैं. उन्हें कौन सी चीज मतदान केंद्रों तक ले जा रही है? यह चुनाव क्या किसी मुद्दे पर खड़ा है जो लोगों को वोट डालने को उत्प्रेरित कर सके? अब तक तो किसी भी दल का उठाया मुद्दा स्थायी रूप से काम करता नहीं दिख रहा!

कोई ऐसा राजनीतिक या सामाजिक नैरेटिव भी नहीं बना है जो देश भर में चुनावों को एक सूत्र में बांध सके. इस बार तो 2014 की तरह मोदी जैसे चमत्कारिक शख्स को दिल्ली का ताज पहनाने का सवाल भी नहीं है. या फिर 2019 वाला बालाकोट-जनित उत्साह भी नहीं है जब पहली बार राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल इलीट कमरों से निकल कर जनता का मुद्दा बन गया था. चुनाव को मुद्दे पर खड़ा करना वास्तव में सत्ता के विपक्ष का काम होता है. विपक्ष इसमें बुरी तरह नाकाम रहा है जबकि सत्ता इस बार विपक्ष के उठाए मुद्दों पर फील्डिंग करती दिख रही है और उसके अपने सकारात्मक मुद्दे चर्चा से गायब हैं- सिवाय उत्तर प्रदेश के, जहां सुधरी हुई कानून व्यवस्था का श्रेय विभिन्न तबकों के लोग मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को देते हैं जो प्रकारांतर से भाजपा के हक में जाता है. तो एक अदद मतदाता क?या सोचकर भीषण गर्मी में बूथ तक वोट डालने जा रहा है? महज नागरिकता-बोध या लोकतांत्रिक कर्तव्यनिष्ठा क्या इसके पीछे हो सकती है? यदि ऐसा होता, तो हमारे दैनंदिन सामाजिक जीवन में भी नागरिकता-बोध कम से कम साठ प्रतिशत झलकता.



# देवभूमि के जलते जंगल यानी जलवायु परिवर्तन की एक और विभीषिका

**कुशाग्र राजेंद्र**

**भारत में जलवायु के हिसाब से आग लगने का मौसम बरसात के बाद से बरसात के आने के पहले तक का होता है यानी नवम्बर से जून तक, जिसमें सबसे जयादा प्रभावी महीना मार्च से मई का होता है, और हम अनुमान के मुताबिक अब तक के सबसे गर्म मई के महीने में हैं. वैसे तो जंगल में आग लगना एक प्राकृतिक घटना और पारिस्थितिकी तंत्र की एक जरूरी प्रक्रिया है, जिससे मिट्टी में पोषण का एक नया दौर शुरूहोता है, वही ऊंचे पेड़ों के वितान या क्राउन के जल जाने से सूर्य की रोशनी सीधे जमीन तक पहुंचने से नए पेड़-पौधे के पनपने को गति मिलती है.**

उत्तराखंड के जंगल की आग पिछले कुछ दिनों से राष्ट्रीय सुर्खियों में है, मामला इस कदर संगीन हो चला कि बात सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँच चुकी है और स्थानीय उत्तराखंड सरकार को वहाँ के धू-धू कर जल रहे जंगल के बारे में स्थिति स्पष्ट करनी पड़ी. सरकार के हलफनामे के अनुसार कम से कम 398 आग की घटनाओं से हज़ार हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र पूरी तरह से जल चुके हैं. वैसे मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आग का प्रसार इससे कहीं ज्यादा और व्यापक है जो राज्य के पूर्वी छोर से पश्चिम तक फैला है. गढ़वाल के मुकाबले कुमाऊंके वन-क्षेत्र पर आग का कहर ज्यादा है. देश-भर के आंकड़े देखे तो मौजूदा आग के मौसम में आग लगने की और आग की चेतावनी की संख्या के लिहाज से उत्तराखंड बाकी सारे राज्यों के मुकाबले शीर्ष पर बना हुआ है.

भारत में जलवायु के हिसाब से आग लगने का मौसम बरसात के बाद से बरसात के आने के पहले तक का होता है यानी नवम्बर से जून तक, जिसमें सबसे जयादा प्रभावी महीना मार्च से मई का होता है, और हम अनुमान के मुताबिक अब तक के सबसे गर्म मई के महीने में हैं. वैसे तो जंगल में आग लगना एक प्राकृतिक घटना और पारिस्थितिकी तंत्र की एक जरुरी प्रक्रिया है, जिससे मिट्टी में पोषण का एक नया दौर शुरू होता है, वहीं ऊंचे पेड़ों के वितान या क्राउन के जल जाने से सूर्य की रोशनी सीधे जमीन तक पहुंचने से नए पेड़-पौधे के पनपने को गति मिलती है. सामान्य रूप से जंगल की आग से सालाना वैश्विक स्तर पर 3% जंगल जल जाते हैं. जंगल में आग के लिए प्राकृतिक रूप से तीन परिस्थितियाँ जरुरी है, जिसे 'फायर ट्रायंगल' कहते हैं, जिसमें ज्वलनशील पदार्थ या जरुरी ईंधन, उच्च तापमान यानी गर्मी और ऑक्सीजन की उपलब्धता. वहीं धरती का तापमान बढ़ने से जमीन पर आर्द्रता जल्दी ख़त्म हो जाती है, सूखा बड़े दायरे में फैलता है और 'फायर ट्रायंगल' आग को अंजाम देती है. इस तरह जलवायु परिवर्तन और जंगल की आग एक-दूसरे को पोषित कर रहे हैं.

हाल के कुछ सालों में जंगलों पर आग के रूप में आयी इस तबाही की बारंबारता, व्यापकता और नुकसान के स्तर को देखे तो वैश्विक उष्मन और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव साफ-साफ दीखता है. जंगल में फैलती आग अंततः वायुमंडल में कार्बन-डाइ-ऑक्साइड की मात्रा बढ़ाकर वैश्विक उष्मन और जलवायु परिवर्तन की गति को तेज करता दिख रहा है. इससे उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य के शहरों-गांवों की हवा में घुला जहरीला धुआं बच्चों-बुजुर्गों की सांस की तकलीफ का कारण बनता है.

पिछले कुछ सालों में वैश्विक स्तर पर व्यापक रूप से जंगल को जलते देख चुके हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया, अमेज़न, पश्चिमी अमेरिका का कैलिफ़ोर्निया और पिछले साल कनाडा में आग से जंगलों के एक बड़े भू-भाग की तबाही प्रमुख है. आग के विस्तार का मसला यह है कि यह अब अंतरिक्ष से भी देखा जा सकता है. जंगल की आग की ये सारी घटनायें वहां लगने वाले आग की पिछली सारी तबाही से कई-कई गुणा ज्यादा भयावह और विस्तार वाली रही, जिसमें ना सिर्फ जंगल जले बल्कि आर्थिक नुकसान से ज्यादा जैव-विविधता की अपूरणीय क्षति हुई. यह सिर्फ़ जंगल के जल जाने का मामला नहीं है इस दावानल में करोड़ों कीड़े-मकोड़े मर जाते हैं, तितलियाँ मर जाती हैं, छोटी झाड़ियाँ और नए पेड़ मरते हैं, उड़ने से लाचार चिड़ियों के नन्हे बच्चे घोंसले में ही मर जाते हैं. इस आग से खुद को बचा पाने में असमर्थ वन्य जीव अपने परिवार सहित उजड़ जाते हैं. इस संकट की घड़ी में प्रकृति और उसकी पारिस्थितिकी का संतुलन ऐसा बिगड़ता है कि अगर सब कुछ ठीक से बनता रहा तो तब उसे पूर्ववत अवस्था में आने में दस-बारह साल लग जाते हैं.

जंगल की आग ना सिर्फ प्राकृतिक घटना है परन्तु जंगल पर आश्रित समाज हजारों साल से नियंत्रित स्तर पर आग लगाकर जंगल में उपजे छोटे झाड़-झंखाड़ को साफ करते आये हैं. अगर ऐसे झाड़ - झंखाड़ को नियमित स्तर पर साफ नहीं किया गया तो ये आग के फैलाव के लिए ईंधन का काम करते हैं और अंततः आग को अनियंत्रित कर देते हैं. एक नियमित अन्तराल पर अनियंत्रित आग को काबू में रखने का एक परंपरागत तरीका है. पर अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं, अब जलवायु परिवर्तन बेकाबू आग के लिए सारी परिस्थितियां मुहैया करा दे रहा है, ऐसे में नियंत्रित स्तर पर आग के बेकाबू हो जाने के अपने खतरे हैं, और यही भारत के हिमालयीय जंगलो में हो रहा है. यहाँ ना सिर्फ जलवायु परिवर्तन के प्रभाव जिसमें बारिश का पैटर्न बदला है, मानवीय गतिविधियां बढ़ी हैं, बल्कि जंगल की प्रवृति भी बदली है. हिमाचल और उत्तराखंड के जंगल मुख्य रूप से चीड़, साल और बांज, के पेड़ों से आच्छादित है. आर्थिक कारणों से जिसमें इमारती लड़की और रेसिन प्रमुख है, चीड़ के वन समूचे प्रदेश में लगाये गए जो समय के साथ समृद्ध होते चले गए. चीड़ एक पायोनियर पेड़ है, जो खुले और भू-स्खलन से तबाह हुए ढलान पर आसानी से पनप जाता है, जिसके कारण प्राकृतिक रूप से भी पिछले कुछ दशक में चीड़ वन क्षेत्र में काफी वृद्धि हुई है जो बढ़कर कुल वन क्षेत्र का 28% तक हो चुका है. दूसरी तरफ बांज, जो स्थानीय वातावरण के अनुकूल है, जो लम्बे जड़ो से मिटटी को मजबूती देता है, भू-जल रिचार्ज को बढ़ता है, साथ ही साथ स्थानीय समुदाय के लिए चारा, कम्पोस्ट खाद, जलावन और फर्नीचर की,लकड़ी तक मुहैया करता है तथा समृद्ध जैव-विविधता का पोषक है, उसका दायरा सिकुड़ रहा है. इस कारण सालों भर चलने वाले झरने सूख रहे हैं, भू-जल रसातल में जा रहा है.वन की संरचना में आये बदलाव के कारण मार्च आते-आते मिट्टी की आर्द्रता जाती रहती है, बढ़ता तापमान और सूखे का दायरा बढ़ता जाता है.

ऐसे में सर्दी के बाद से चीड़ के सूखे पत्ते जिसे स्थानीय लोग पिरूल कहते हैं, जो रेजिन के कारण काफी ज्वलनशील होता है, आग का कारण बन जा रहा है, जो आग के फैलाव के साथ-साथ आग के लिए जरूरी ईंधन का काम करता है. आग लगने के लिए अनुकूल इस सारी परिस्थितियों के बावजूद यहां आग लगने की लगभग 90% घटनाएं मानवीय चूक का नतीजा हैं. आग के अधिकांश मामले रबी फसल की कटाई के बाद खरीफ फसल की तैयारी के लिए पराली जलाने के क्रम में जंगल तक फ़ैल रही है.



बिजनेस

## शेयर बाजार में लौटी शानदार तेजी, सेंसेक्स 1000 निफ्टी 300 अंक हुआ रिकवर

**नई दिल्ली:** भारतीय शेयर बाजार के लिए इस हफ्ते पहला कारोबारी सत्र कुछ ऐसा ही साबित हुआ है. सुबह शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला. सेंसेक्स 800 तो निफ्टी 230 अंक नीचे जा फिसला. लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरण में कम मतदान और मोदी सरकार की वापसी को लेकर जताए जा रहे संदेह के चलते बाजार में ये गिरावट थी. लैकिन जैसे ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निवेशकों को गिरावट में खरीदारी करने की सलाह देते हुए 4 जून को फिर से मोदी सरकार की वापसी का भरोसा दिया शेयर बाजार में निचले स्तर से गजब की तेजी लौटी. सेंसेक्स में निचले लेवल से 1000 अंकों की तो निफ्टी में 300 अंकों की रिकवरी आई. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 112 अंकों के उछाल के साथ 72,776 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 49 अंकों की उछाल के साथ 22,104 अंकों पर क्लोज हुआ है.



आज के ट्रेड में शेयर बाजार में निचले लेवल से लौटी शानदार रिकवरी के चलते बीएसई पर लिस्टेड शेयर का मार्केट कैप 397.55 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ है जो पिछले सत्र में 396.55 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ था. आज के सत्र में निवेशकों के संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है. शेयर बाजार में लौटी तेजी में बैंकिंग, फार्मा, आईटी, एफएमसीजी, मेटल्स, रियल एस्टेट, हेल्थकेयर स्टॉक्स का बड़ा योगदान रहा है. इस सेक्टर्स के अलावा मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में भी खरीदारी लौटी.

निफ्टी के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में निचले लेवल से शानदार तेजी लौटी. केवल ऑटो, एनर्जी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 16 स्टॉक्स तेजी के साथ जबकि 14 गिरकर बंद हुए. एशियन पेंट्स 3.83 फीसदी, सन फार्मा 1.58 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 1.38 फीसदी, टीसीएस 1.24 फीसदी, एक्सिस बैंक 1.17 फीसदी, टाटा स्टील 1.08 फीसदी, जेएसडब्ल्यु स्टील 1.06 फीसदी के उछाल के साथ बंद हुआ है.

## जल्द हटाया जा सकता है चावल के एक्सपोर्ट पर लगा बैन, सरकार कर रही तैयारी

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार जल्द ही चावल के एक्सपोर्ट पर लगा बैन हटा सकती है. सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में चावल का स्टॉक है और अच्छे मानसून की उम्मीद के बीच बुवाई के भी बढ़ने की पूरी संभावना है. इसके चलते अगले महीने तक सरकार चावल निर्यात पर से बैन हटाने की तैयारी कर रही है. सरकार ने चावल की कीमतें बढ़ने की आशंका के चलते पिछले साल एक्सपोर्ट पर बैन लगाया था.



**अच्छी बुवाई होने पर हटाया जा सकता है बैन**

एक वरिष्ठ अधिकारी ने फाइनेंशियल एक्सप्रेस को बताया कि खरीफ का सीजन नजदीक आ चुका है. अगर सीजन में बुवाई अच्छी होती है तो प्रतिबंध हटाने पर विचार किया जा सकता है. हालांकि, यह फैसला मानसून पर भी निर्भर करेगा. मौसम विभाग द्वारा उम्मीद जताई जा रही है कि अगले महीने मानसून केरल पहुंच जाएगा. इसके साथ ही चावल की बुवाई शुरू हो जाएगी. जून और जुलाई में बारिश का दौर जारी रहने के साथ ही चावल की बुवाई भी बढ़ती रहेगी. उन्होंने बताया कि फिलहाल सरकार के पास चावल का अच्छा स्टॉक है. पिछले महीने ही मौसम विभाग ने अनुमान लगाया था कि इस साल जून से सितंबर तक नॉर्मल से ज्यादा बारिश हो सकती है. मौसम विभाग को 90 फीसदी उम्मीद है कि भारत में इस साल नॉर्मल से अधिक की रेंज में बारिश होगी. पिछले साल कम बारिश के चलते चावल की बुवाई प्रभावित हुई थी. इस साल मार्च में चावल की कीमतों में 12 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया था. हालांकि, अगले कुछ महीनों में कीमतें घटने लगेंगी. महंगाई भी नियंत्रण में रहने की उम्मीद है. ऐसे में अनुकूल माहौल बनने पर चावल निर्यात पर से प्रतिबंध घटाया जा सकता है. फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (ाउक) के पास चावल का पर्याप्त भंडार है. नाफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार भी भारत राइस (ईं१ं३ प्री) बेचने के लिए एफसीआई से खरीद कर रहे हैं. भारत राइस को 29 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा रहा है.


# छोटे शहरों से रिटेल सेक्टर को मिल रहा बड़ा सपोर्ट

**नई दिल्ली:** देश के मेट्रो शहरों में विकास की संभावनाएं अब बहुत कम होती जा रही हैं. इन शहरों का विकास बड़े पैमाने पर हो चुका है. साथ ही इनमें कंपनियों के लिए कम्पटीशन बहुत बढ़ गया है. अब छोटे शहरों ने कारोबार को विस्तार देना शुरू कर दिया है. देश के टियर 2 शहर रिटेल सेक्टर की ग्रोथ के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो चुके हैं. इन छोटे शहरों से रिटेल सेक्टर को बड़ा सपोर्ट मिल रहा है. इनमें लखनऊ, कोच्चि, जयपुर, इंदौर और कोझिकोड जैसे शहर शामिल हैं.

> इन शहरों का विकास बड़े पैमाने पर हो चुका है. साथ ही इनमें कंपनियों के लिए कम्पटीशन बहुत बढ़ गया है. अब छोटे शहरों ने कारोबार को विस्तार देना शुरूकर दिया है. देश के टियर 2 शहर रिटेल सेक्टर की ग्रोथ के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो चुके हैं. इन छोटे शहरों से रिटेल सेक्टर को बड़ा सपोर्ट मिल रहा है. इनमें लखनऊ, कोच्चि, जयपुर, इंदौर और कोझिकोड जैसे शहर शामिल हैं.

**रोजगार पैदा होने से खर्च होने के लिए आया पैसा**

प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी फर्म नाईट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, देश की इकोनॉमिक ग्रोथ से रिटेल सेक्टर को आगे बढ़ने में काफी मदद मिल रही है. इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं. ज्यादा रोजगार पैदा होने के चलते छोटे शहरों में लोगों के पास खर्च के लिए पैसा आ रहा है. इसके चलते छोटे शहरों में ईकॉमर्स ने भी रफ्तार पकड़ी है. छोटे शहरों की आर्थिक संपन्नता से रियल एस्टेट सेक्टर को भी तरक्की का रास्ता मिल रहा है. इन शहरों में निवेश बढ़ रहा है और नए-नए प्रोजेक्ट भी लॉन्च हो रहे हैं. नाईट फ्रैंक इंडिया के एमडीए एवं चेयरमैन शिशिर बजाज ने कहा कि टियर 2 शहरों में आर्थिक तरक्की के साथ-साथ डिजिटल शिक्षा और आबादी में भी इजाफा हुआ है. यहां कॉमर्स और एंटरटेनमेंट की संभावनाएं बढ़ रही हैं. हालांकि, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के मामले में स्थिति थोड़ी सी अलग है. टियर 1 शहरों में जहां शॉपिंग कॉम्प्लेक्स 1990 के दशक में ही आ गए थे. वहीं, टियर 2 शहरों में यह 2000 के दशक में पहुंचना शुरू हुए. यही वजह है कि कई छोटे शहरों में आज भी बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नहीं हैं. मगर, इस स्थिति में भी तेजी से बड़ा बदलाव आ रहा है.



हाल के कुछ सालों में रिटेल मार्केट को इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग, रिवेंज शॉपिंग और जेन जी ने बड़े पैमाने पर प्रभावित किया है. इससे कस्टमर्स का शॉपिंग एक्सपीरियंस भी बदला है. कोविड 19 महामारी के दौरान बुरी तरह प्रभावित हुआ रिटेल मार्केट अब फिर से शबाब पर है और छोटे शहरों में बड़ी पकड़ बनाने के लिए बैचेन है.

सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

संपादक : अनुज कुमार

R.N.I. No. : UPHIN/2023/86483

मोबाइल नंबर

9456884327

E-Mail :-
Officialsabkasapna@gmail.com

www.sabkasapna.com

नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

# कप्तान–उपकप्तान हो रहे है फ्लॉप, तो कैसे टीम इंडिया बनेगी चौंपियन?

**नई दिल्ली**

आईपीएल टीम मुंबई इडियंस का प्रदर्शन भी इस सीजन सबसे खराब रहा है और मुंबई इस सीजन सबसे पहले एलिमिनेट होने वाली टीम भी बनी। अब इन दोनों खिलाड़ियों की खराब फॉर्म ने विश्व कप से पहले फैंस की चिंता बढ़ा दी है क्योंकि अगर विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट से पहले कप्तान और उपकप्तान ही आउट ऑफ फॉर्म हो गए तो टीम कैसे चैंपियन बनेगी?

आईपीएल 2024 में रोहित शर्मा को शुरुआत अच्छी मिली थी लेकिन पिछली 6 पारियों में जिस तरह से रोहित बल्लेबाजी कर रहे हैं ये विश्व कप से पहले टीम इंडिया के लिए अच्छे संकेत नहीं है। इस सीजन रोहित के बल्ले से अभी तक 13 मैचों में 349 रन निकले हैं। इस दौरान रोहित ने एक शतक भी लगाया है। वहीं बात अगर रोहित की पिछली 6 पारियों की करे तो हिटमैन के बल्ले से महज 53 रन ही निकले हैं। अगर रोहित शर्मा विश्व कप से पहले फॉर्म में वापस नहीं आते हैं तो टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ सकती है।आईपीएल

**इन दोनो खिलाड़ियों की खराब फॉर्म ने विश्व कप से पहले फैंस की चिंता बढ़ा दी है क्योंकि अगर विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट से पहले कप्तान और उपकप्तान ही आउट ऑफ फॉर्म हो गए तो टीम कैसे चैंपियन बनेगी?**

2024 में हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे हैं। इस सीजन मुंबई इंडियंस के साथ–साथ हार्दिक का प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा है। वनडे विश्व कप में चोटिल होने के बाद हार्दिक क्रिकेट मैदान से दूर हो गए थे, जिसके इस सीजन पांड्या ने वापसी की लेकिन वो आउट ऑफ फॉर्म हो गए। हार्दिक ने इस सीजन बल्लेबाजी करते हुए 13 मैचों की 12 पारियों में महज 200 रन ही बनाए हैं। इसके अलावा बात अगर पांड्या की गेंदबाजी की करे तो गेंदबाजी में भी हार्दिक कुछ कमाल नहीं कर पाए। इस सीजन अभी तक पांड्या 11 विकेट हासिल कर पाए हैं। गेंदबाजी में पांड्या काफी महंगे भी साबित हुए हैं।



# 987 विकेट लेने वाला खिलाड़ी ने किया संन्यास लेने का ऐलान

**नई दिल्ली**

987 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के महान गेंदबाज जेम्स एंडरसन आगामी घरेलू सीजन के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के लिए तैयार है. यह जानकारी ब्रिटेन की मीडिया की एक रिपोर्ट में दी गई है. जेम्स एंडरसन इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के भारत दौरे के दौरान टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने थे.

'द गार्जियन' के अनुसार, जेम्स एंडरसन को इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच ब्रेंडन मैक्कुलम ने बताया है कि वे ऑस्ट्रेलिया में 2025–26 एशेज पर नजर रखते हुए भविष्य की ओर देख रहे हैं, जिसका मतलब है कि 41 साल के खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय करियर पूरा होने वाला है.



इंग्लैंड इस साल घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट खेलने के लिए तैयार है और उनमें से एक मैच उनके घरेलू मैदान ओल्ड ट्रैफर्ड पर होगा. वह मैच दाएं हाथ के गेंदबाज के लिए आखिरी हो सकता है. जेम्स एंडरसन ने मई 2003 में शुरू हुए अपने करियर में इंग्लैंड के लिए 194 वनडे और 19 टी20 के साथ 187 टेस्ट खेले हैं. जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट के साथ सर्वकालिक सर्वाधिक विकेट लेने वालों की लिस्ट में वह शेन वॉर्न (708) और श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800) के बाद तीसरे स्थान पर हैं.

सपोर्ट करती दिखीं इनकी पत्नी, फैंस करने लगे ऐसी–ऐसी कमेंटजेम्स एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए 194 वनडे मैचों में 29.22 की गेंदबाजी औसत से 269 विकेट झटके हैं. इस दौरान उनका बेस्ट गेंदबाजी प्रदर्शन 23 रन देकर 5 विकेट रहा है. जेम्स एंडरसन ने अभी तक 187 टेस्ट मैचों में 26.53 की गेंदबाजी औसत से 700 विकेट झटके हैं. इस दौरान उनका बेस्ट गेंदबाजी प्रदर्शन 42 रन देकर 7 विकेट रहा है. टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में जेम्स एंडरसन ने 19 मैचों में 30.67 की गेंदबाजी औसत से 18 विकेट झटके हैं. इस दौरान उनका बेस्ट गेंदबाजी प्रदर्शन 23 रन देकर 3 विकेट रहा है.

# क्वालिफिकेशन के लिए बेंगलुरु को कितनी बड़ी जीत की जरूरत

**नई दिल्ली**

बेंगलुरु की टक्कर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाला है। यह मैच प्लेऑफ के लिए निर्णायक मैच होने वाला है। इस मैच में चेन्नई और बेंगलुरु में जिसकी जीत होगी, वह प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर सकती है। लेकिन यहां भी एक ट्विस्ट है नेट रन रेट।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का नेट रन रेट चेन्नई से खराब है। बेंगलुरु इस सीजन अभी तक कुल 13 मुकाबले खेल चुकी है, जिनमें से 6 मैच अपने नाम कर अंकतालिका में 5वें स्थान पर है। बेंगलुरु का नेट रन रेट +0.387 है। दूसरी ओर चेन्नई सुपर किंग्स भी इस सीजन अभी तक 13 मुकाबले खेल चुकी है, जिनमें से 7 मैच अपने नाम कर अंकतालिका में तीसरे स्थान पर विराजमान है।चेन्नई का नेट रन रेट +0.528 है। ऐसे में करोड़ों फैंस की नजर 18 मई पर टिकी हुई है। खास बात है कि इस मैच में सिर्फ जीत से बेंगलुरु क्वालीफाई करने के लिए योग्य नहीं हो पाएगी, क्योंकि बेंगलुरु अगर अगला मैच जीत जाती है, तो भी 7 मैच ही जीत पाएगी। ऐसे में आरसीबी को नेट रन रेट का भी ध्यान रखना होगा।

इतना तो आप समझ ही गए होंगे कि अगर बेंगलुरु को प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना है, तो चेन्नई को बड़ी हार देनी होगी।

# भारतीय टीम के अगले हेड कोच को लेकर आया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली**

विश्व कप का आगाज 1 जून से होने वाला है। इसको लेकर भारतीय टीम भी पूरी तरह से तैयार है। आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ थे। इस दौरान इस बात को लेकर चर्चा छिड़ी हुई थी कि द्रविड़ के बाद भारत का अगला हेड कोच कौन होगा। इसके बाद ऐलान किया गया कि आईसीसी टी20 विश्व कप में भी भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ही होंगे। अब एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है कि द्रविड़ के बाद भारतीय टीम के अगले हेड कोच कौन होंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इसको लेकर बड़ी जानकारी दी है।



बीसीसीआई सचिव जय शाह ने क्ळउ ळ20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम के अगले हेड कोच पर बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने इसको लेकर 4 बड़ी जानकारी दी है। बीसीसीआई सचिव ने बताया कि भारतीय टीम के अगले हेड कोच के लिए जल्द ही एडवरटाइजमेंट जारी कर दिया जाएगा। अगर राहुल द्रविड़ को आगे भी भारतीय टीम का हेड कोच बने रहना है, तो वह भी इसके लिए फिर से अप्लाई कर सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय टीम के हेड कोच जो भी होंगे, उनका कार्यकाल 3 वर्षों का होगा। इसके अलावा बीसीसीआई सचिव ने यह भी साफ कर दिया है कि विदेशी खिलाड़ी भी भारतीय टीम के हेड कोच हो सकते हैं।इउउक बीसीसीआई सचिव ने हार्दिक पांड्या को लेकर भी जानकारी दी है कि वह सफेद गेंद के घरेलू टूर्नामेंट खेलने के लिए तैयार हैं। ऐसे में अगर पांड्या इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं भी खेलते हैं, तो वह घरेलु क्रिकेट खेलते दिखेंगे। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में कितने खिलाड़ियों को रिटेन किया जा सकेगा, इसको लेकर भी बीसीसीआई सचिव जल्द ही आईपीएल फ्रेंचाइजियों के साथ मीटिंग करने वाले हैं। इम्पैक्ट प्लेयर रुल से भी कई दिग्गज खिलाड़ी नाखुश हैं। इसको लेकर भी बीसीसीआई सचिव ने बताया कि वह इसे जारी रखने के लिए इच्छुक नहीं थे।

# अगले मैच में नहीं खेल पाएंगे ऋषभ पंत

**नई दिल्ली :** 12 मई को होने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले कप्तान ऋषभ पंत के रूप में बड़ा झटका लगा है। पंत को आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन की वजह से एक मैच के बैन का सामना करना पड़ रहा है।

दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में तय समय पर अपने ओवर्स का कोटा पूरा नहीं किया था, जिसके बाद इस तीसरी बार ये गलती होने की वजह से टीम के कप्तान पंत को एक मैच के लिए सस्पेंड किए जाने के साथ उनपर 30 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।



7 मई को दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने अपने होम ग्राउंड अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला खेला था, जिसमें उन्होंने रोमांचक जीत हासिल की थी। इस मैच के बाद दिल्ली कैपिटल्स टीम के ऋषभ पंत को आईपीए कोड ऑफ कंडक्ट का इस सीजन तीसरी बार उल्लंघन करने पर मैच रेफरी ने एक मैच के लिए सस्पेंड करने का फैसला सुनाया।वहीं इस मैच में दिल्ली टीम की प्लेइंग इलेवन में शामिल बाकी खिलाड़ियों के अलावा इम्पैक्ट प्लेयर सहित सभी को 12 लाख रुपए या उनकी फीस का 50 फीसदी जिसमें जो भी कम हो जुर्माना लगाया गया है।

## संक्षेप खबरें

# वर्ल्ड कप से पहले इस खिलाड़ी ने सभी टीमों को दी टेंशन



नई दिल्ली। हैदराबाद टीम के इस प्रदर्शन की सबसे बड़ी वजह विस्फोटक ओपनिंग बल्लेबाज ट्रेविस हेड हैं जिन्होंने बेखौफ अंदाज में अब तक इस सीजन में बल्लेबाजी की है। वहीं लखनऊके खिलाफ मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीतने के बाद हेड ने वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में खेले जानें वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप को लेकर भी अपने खास प्लान का खुलासा किया।

ट्रेविस हेड ने लखनऊसुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच में मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीतने के बाद कहा कि उनका ध्यान स्पिन गेंदबाजों को खेलने पर अधिक है क्योंकि वेस्टइंडीज में आगामी टी20 वर्ल्ड कप के दौरान स्पिनर्स की भूमिका काफी अहम रहने वाले हैं ऐसे में उनके खिलाफ बड़े शॉट खेलने पर काफी ध्यान लगा रहा हूं ताकि मैदान के चारो तरफ आसानी से शॉट खेल सकूं।वहीं हेड ने लखनऊ के खिलाफ मैच में अपने प्रदर्शन को लेकर कहा कि हमारा ध्यान पावरप्ले का पूरा फायदा उठाना था। हर बार हम इसमें सफल नहीं हो पाते हैं लेकिन हम इसी सोच के साथ मैदान में उतर रहे हैं। हमें नेट रनरेट के मामले में सुधार करना था, जिसके चलते हम इस तरह से बल्लेबाजी कर रहे थे।

पिछले एक साल में वर्ल्ड क्रिकेट में ट्रेविस हेड का प्रदर्शन काफी शानदार देखने को मिला है, जिसमें उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई टीम को वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के दूसरे संस्करण के फाइनल मुकाबले में जहां जीत दिलाने में बल्ले से अहम भूमिका अदा की थी तो वहीं वनडे वर्ल्ड कप फाइनल मैच में भी हेड का बल्ला बोलता हुआ दिखा था।

# यशस्वी जायसवाल को लेकर मोहम्मद शमी ने दिया बड़ा बयान



**टी20 वर्ल्ड कप 2024 :** इस सीजन बल्लेबाजी और गेंदबाजी में राजस्थान की तरफ से शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है, लेकिन यशस्वी जायसवाल का फॉर्म टीम के लिए जरूर एक चिंता का विषय है, जिसमें अब तक निरंतरता देखने को नहीं मिली है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 को लेकर घोषित हुई टीम इंडिया का हिस्सा यशस्वी भी हैं ऐसे में उनके प्रदर्शन पर सभी की नजरें भी टिकी हुईं है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में जायसवाल सिर्फ 2 गेंदों का सामना करने के बाद 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। वहीं अब इसको लेकर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का भी बयान सामने आया है।मोहम्मद शमी ने दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के बाद यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन पर बात करते हुए अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि मुझे लगता है कि वह कुछ जल्दी में दिख रहे हैं। उन्होंने पहली गेंद पर चौका लगा दिया था लेकिन दूसरी ही गेंद पर वह फिर से बड़े शॉट के लिए जिसकी उस जरूरत नहीं थी।वह काफी अच्छे फॉर्म में भी दिखे जिसमें उन्होंने इस सीजन एक शतक भी लगाया है, लेकिन अब ऐसा लग रहा वह फॉर्म में नहीं हैं। अब तक इस सीजन जायसवाल ने 11 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 32 के औसत से 320 रन बनाए हैं, जिसमें उनके बल्ले से एक शतकीय और एक अर्धशतकीय पारी देखने को मिली है, इसके अलावा वह एक बार डक भी पवेलियन लौटे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के बावजूद अभी इस सीजन राजस्थान रॉयल्स की टीम को लीग स्टेज में तीन और मुकाबले खेलने हैं, जिसमें यदि वह जीत हासिल करने में कामयाब होते हैं तो प्वाइंट्स टेबल में टॉप–2 पर खत्म कर सकते हैं, ऐसे में उनके पास फाइनल में पहुंचने के 2 मौके होंगे।

# आईपीएल के इतिहास में विराट कोहली ने तोड़ा इस दिग्गज खिलाड़ी का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली**

आरसीबी के लिए खेलने वाले दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने पंजाब किंग्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। कोहली ने इस मैच में सिर्फ 47 गेंदों में 92 रनों की पारी खेली है। इस दौरान उनके बल्ले से 7 चौके और 6 छक्के भी निकले हैं। खास बात है कि कोहली ने 195 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस कारण से आरसीबी की जीत के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड को पाने के साथ ही कोहली ने महेंद्र सिंह धोनी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

आईपीएल इतिहास में विराट कोहली के लिए यह 18वां मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड था। इस अवॉर्ड को अपने नाम करने के साथ ही कोहली ने माही को पीछे छोड़ दिया, जबकि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की बराबरी कर ली। इस मैच के पहले तक धोनी और कोहली, दोनों के पास आईपीएल में 17 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड थे, लेकिन अब कोहली माही से एक कदम आगे निकल चुके हैं। कोहली जैसे ही एक और प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीत लेते हैं, वह रोहित की भी बराबरी कर लेंगे। रोहित शर्मा के नाम आईपीएल में कुल 19 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड है।क्ढछ में सबसे अधिक प्लेयर ऑफ द मैच जीतने वाले खिलाड़ी साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स हैं। एबी के नाम कुल 25 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दर्ज है। इसके अलावा दूसरे स्थान पर क्रिस गेल का नाम आता है, जिन्होंने कुल 22 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीते हैं। तीसरे नंबर पर 19 'ढडळट' अवॉर्ड के साथ रोहित शर्मा का नाम आता है। वहीं, कोहली की बराबरी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर भी है। वॉर्नर भी आईपीएल में 18 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीत चुके हैं।

**आईपीएल इतिहास में विराट कोहली के लिए यह 18वां मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड था। इस अवॉर्ड को अपने नाम करने के साथ ही कोहली ने माही को पीछे छोड़ दिया, जबकि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की बराबरी कर ली। इस मैच के पहले तक धोनी और कोहली, दोनों के पास आईपीएल में 17 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड थे, लेकिन अब कोहली माही से एक कदम आगे निकल चुके हैं। कोहली जैसे ही एक और प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीत लेते हैं, वह रोहित की भी बराबरी कर लेंगे।**



# बॉलीवुड तड़का



## ये रिश्ता क्या कहलाता है की गिरती टीआरपी पर छिड़ा विवाद

**गर्विता साधवानी,** रोहित पुरोहित और समृद्धि शुक्ला स्टारर 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' दर्शकों के सबसे पसंदीदा शो में से एक है। शो में एक बड़ा बदलाव तब देखने को मिला जब डेढ़ महीने पहले रूही का किरदार निभाने वाली प्रतीक्षा होनमुखे की जगह गर्विता साधवानी को ले लिया गया। कुछ ही दिनों में गर्विता ने अपने किरदार और एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया। हालांकि, आप कितना भी कोशिश कर लो उसके बावजूद भी कई बार आपको ट्रोल किया जाता है। कुछ ऐसा ही टीवी एक्ट्रेस गर्विता साधवानी के साथ हुआ है। फ्लडल्ट के एक फैन ने शो की टीआरपी में गिरावट के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया है।

राजन शाही के शो टीआरपी पर छिड़ा विवाद

'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की टीआरपी में गिरावट के लिए एक यूजर ने सोशल मीडिया पर रूही को दोषी ठहराया है। हालांकि, गर्विता ट्रोलिंग को हल्के में नहीं लेती हैं और ट्रोल्स को करारा जवाब देने में विश्वास रखती हैं। टीआरपी को लेकर विवाद हो रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'रूही इस समय बहुत ज्यादा बातें करती है और गर्विता के आने के बाद से टीआरपी में काफी गिरावट आई है।' इस पर गर्विता साधवानी उर्फ रूही ने बहुत ही मजेदार जवाब दिया है।

> दादीसा अभिरा को माधव और विद्या की शादी सुधारने के लिए मदद करने के लिए बदले में एक शर्त रखती है। शर्त ये होती है कि अभिरा अदालत में गवाही दे कि उसकी अरमान से जबरदस्ती शादी की गई थी और फिर वह उसे तलाक दे दे।

**रूही ने दिया मुंह मोड़ तोड़ जवाब**

गर्विता के जवाब ने उनके पैंस का दिल जीत लिया है। रूही ने लिखा, 'टीआरपी बढ़ गई है पर कोई बात नहीं।' टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के अपकमिंग एपिसोड में दादीसा ने माधव और विद्या की शादी को बचाने के लिए अभिरा को अरमान को तलाक देने के लिए कहा है। अभिरा दादीसा के कमरे में जाती है और 15 दिनों के भीतर घर छोड़ने का इरादा बता दे देती है, लेकिन जाने से पहले वह माधव और विद्या के रिश्ते को सुधारने का फैसला करती है।

ये रिश्ता क्या कहलाता है का अपकमिंग एपिसोड दादीसा अभिरा को माधव और विद्या की शादी सुधारने के लिए मदद करने के लिए बदले में एक शर्त रखती है। शर्त ये होती है कि अभिरा अदालत में गवाही दे कि उसकी अरमान से जबरदस्ती शादी की गई थी और फिर वह उसे तलाक दे दे। अभिरा दादीसा की शर्तों से सहमत हो जाती है और अदालत में झूठ बोलने और अरमान को तलाक देने के लिए सहमत हो जाती है।

## लाइफ के दूसरे चैप्टर में पहुंची रिया चक्रबर्ती!



मुंबई. बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने सुशांत सिंह राजपूत की डेथ एनिवर्सरी से पहले इंस्टाग्राम पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है. 14 जून 2020 में सुशांत सिंह राजपूत की मौत से पहले तक रिया उनके साथ रिलेशनशिप में थी और उन्हें डेट कर रही थी. रिया ने अपने सोशल मीडिया एक पोस्ट शेयर किया है.

जिससे लगता है कि वह अपनी लाइफ के दूसरे पड़ाव में पहुंच गई हैं या फिर शुरुआत करने जा रही है. रिया ने हाल ही की ट्रिप की कुछ तस्वीरें शेयर कीं. इन तस्वीरों में रिया लाल और सफेद रंग की बैकलेस ड्रेस में देखा जा सकता है.

रिया चक्रवर्ती को समुद्र के किनारे कई पोज देते हुए देखा जा सकता है. वह काफी खुश हैं. उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर भी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह डूबते सूरज को देख रही हैं और बैक पोज दे रही हैं. इन तस्वीरों को शेयर करते हुए रिया ने 'हैशटैग चैप्टर 2' लिखा है. इसके साथ ही फूल, दिल और इंद्रधनुष वाले इमोजी भी शामिल किए हैं.

अब लोग इसे लेकर तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, अब किसे ढूंढ लिया? दूसरे ने लिखा, अब कौन मिल गया? वहीं, कुछ लोग इन तस्वीरें को उनकी फिल्मों से जोड़कर देख रहे हैं. हालांकि, रिया ने अपने प्रोजेक्ट्स के बारे में कोई जिक्रनहीं किया है.

रिया चक्रवर्ती, सुशांत सिंह राजपूत की मौत और उसके बाद जिस सिचुएशन में फंसी, उससे बाहर आने और आगे बढ़ने की दिशा में काम कर रही हैं. उन पर सुशांत को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था और सुशांत की मौत के बाद ड्रग से जुड़े मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने उन्हें गिरफ्तार किया था. भायखला जेल में पुलिस हिरासत में उन्होंने 28 दिन बिताए. उस दौरान रिया को काफी आलोचना और साइबर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था.

## जान्हवी कपूर ने पहनी लेदर ड्रेस

## राजकुमार राव भी हो गए इम्प्रैस



**नई दिल्ली:** राजकुमार राव अपनी आने वाली फिल्म 'श्रीकांत' के रिलीज होने से पहले ही तारीफें बटोर रहे हैं. हालांकि, उन्होंने पहले ही एक अन्य प्रोजेक्ट, 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का प्रचार शुरू कर दिया है. प्रमोशन में उनके साथ लीड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर भी नजर आईं. जान्हवी ने अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए एक खास किस्म की ड्रेस पहनी थी. उन्होंने उर्फी जावेद की तरह क्रिकेट बॉल से इंस्पायर आउटफिट चुना जिसमें वो बला सी खूबसूरत लग रही थीं. राजकुमार ने फोटोग्राफरों को जान्हवी कपूर की ड्रेस दिखा पर फोकस करने के लिए इशारा किया.

राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुंबई में अपनी रोमांटिक स्पोर्ट्स-ड्रामा का प्रमोशन कर रहे थे. यहां पैपराजी ने दोनों को स्पॉट किया. राजकुमार ने बेज रंग का ब्लेज़र और मैचिंग पैंट पहना हुआ था. वहीं जान्हवी फिल्म प्रमोशन के लिए काफी डेडिकेटेड दिखीं. उन्होंने खास क्रिकेट बॉल से इंस्पायर लेदर रेड ड्रेस पहनी थी. इस कट-आउट ड्रेस में दीवा काफी ग्लैमरस दिख रही थीं. उनके बैकसाइड पर क्रिकेट गेंदें लगी हुई थीं. जैसे ही जान्हवी ने अपनी पीठ घुमाई तो राजकुमार ने उनकी ड्रेस पर लगे बॉल्स की तरफ इशारा किया. इवेंट में उन्होंने फैंस के साथ सेल्फी भी क्लिक कीं.सोशल मीडिया पर फैंस जान्हवी कपूर की इस ड्रेस की तुलना उर्फी जावेद के फैशन सेन्स से कर रहे हैं. अधिकतर लोगों को जान्हवी का ये अंदाज पसंद आया. जान्हवी की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं. जान्हवी कपूर और राजकुमार राव जल्द ही धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में साथ नजर आएंगे.


> सोशल मीडिया पर फैंस जान्हवी कपूर की इस ड्रेस की तुलना उर्फी जावेद के फैशन सेन्स से कर रहे हैं. अधिकतर लोगों को जान्हवी का ये अंदाज पसंद आया. जान्हवी की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं. जान्हवी कपूर और राजकुमार राव जल्द ही धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में साथ नजर आएंगे.



## करीना-सैफ घर के बाहर हुए रोमांटिक, किस करते हुए कपल का वीडियो हुआ वायरल

**नई दिल्ली:** सैफ अली खान और करीना कपूर खान को बॉलीवुड का पावर कपल कहा जाता है। दोनों अक्सर एक-दूसरे की तारीफ करते हैं और प्यार लुटाते नजर आते हैं। जिसकी झलकियां अक्सर हमें वायरल तस्वीरों और वीडियो में देखने को मिलती है। एक बार फिर कुछ ऐसा ही नजारा हमें देखने को मिला है। दरअसल, हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सैफ और करीना एक दूसरे को किस करते हुए दिख रहे हैं। कपल का ये रोमांटिक वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि करीना कपूर और सैफ अली खान अपने घर के बाहर बातचीत करते हुए गाड़ी की तरफ जाते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान दोनों ट्विनिंग करते हुए दिख रहे हैं। एक्ट्रेस ने जहां डेनिम के साथ सफेद रंग का कुर्ता पहन रखा था। तो एक्टर ने कुर्ते के साथ पायजामा पहना हुआ था। वहीं अपनी-अपनी कार में बैठने से पहले कपल ने एक-दूसरे को लिप पर किस किया। जो कैमरे में कैप्चर हो गया। इसके बाद करीना ने पहले सैफ को उनकी कार तक ड्रॉप किया और फिर अपनी गाड़ी में बैठकर रवाना हो गईं।

## सर्जरी के बाद भारती सिंह ने दिखाई पथरी, इसकी वजह से ही कराह रही थी कॉमेडियन



**नई दिल्ली:** छोटे पर्दे की पॉपुलर कॉमेडियन भारती सिंह हाल ही में अस्पताल में सर्जरी के लिए भर्ती हुई थीं। उनके पित्ताशय में पथरी की शिकायत थी, जिसके चलते एक्ट्रेस को काफी दर्द और परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। फिलहाल एक्ट्रेस अब इस परेशानी से छुटकारा पा चुकी हैं। भारती सिंह ने 'डांस दीवाने 4' की शूटिंग जल्द खत्म की थी और फिर सर्जरी कराने पहुंच गई थीं। हाल में भारती सिंह ने इससे जुड़ा व्लॉग भी साझा किया है, जिसमें उन्होंने अपनी सर्जरी से जुड़ी जानकारी साझा की है। इस व्लॉग में उन्होंने उन्होंने पथरी की झलक भी दिखाई जो उनके दर्द की वजह बन गई थी।

## 'भाग्यलक्ष्मी' एक्टर ने परफॉर्मेंस के बीच ली अंतिम सांस

मराठी सिनेमा से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। दिग्गज अभिनेता सतीश जोशी का निधन हो गया है। इस खबर ने मराठी फिल्म जगत के लोगों को काफी निराश किया है। उनके मित्र राजेश देशपांडे ने उनकी मौत की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से की है। उन्होंने बताया कि रंगोत्सव के मंच पर ही सतीश जोशी ने अंतिम सांस ली। उनकी मौत की खबर ने कई लोगों को झकझोर कर रख दिया है। अचानक हुई मौत से सभी हैरान हैं। सोशल मीडिया पर भी फैन्स ने सतीश जोशी को श्रद्धांजलि दी है। उनके दोस्त राजेश देशपांडे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने कहा, 'हमारे वरिष्ठ मित्र अभिनेता सतीश जोशी ने आज रंगोत्सव में मंच पर दुखद निधन से पहले अभिनय किया था।' उन्होंने बताया कि उनकी मौत सुबह 11 बजे के करीब हुई। अंतिम सांस लेने से पहले भी वो अपनी परफॉर्मेंस को लेकर उत्साहित थे।

## कभी नहीं थे बच्चे पालने के पैसे, बेटी को बनाया दिया फैशन डिजाइनर

**नई दिल्ली:** मदर्स डे पर नीना गुप्ता का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे सुन और देखकर आपके आंखों से आंसू आ जाएंगे। भारतीय अभिनेत्री नीना गुप्ता ने अपनी लाइफ को लेकर बहुत बड़ा खुलासा किया है।

एक्ट्रेस ने अपनी बेटी मसाबा गुप्ता की परवरिश कैसे की है इस बारे में बताया है। साथ ही अपनी बेटी मसाबा को बहुत ही प्यारी सलाह भी दी है जो अपने पहले बच्चे का वेलकम करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अभिनेत्री ने शेयर किया कि कैसे कई चुनौतियां के बावजूद उन्होंने अपनी बेटी को पाला है।

**नीना गुप्ता ने किया खुलासा**

मसाबा ने नीना के साथ एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें नीना ने अपनी बेटी के बारे में खुलकर बात की। मसाबा को यह पूछते हुए सुना जा सकता है कि 'यह कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। बच्चे पैदा करना आसान है... बस भगवान पे भरोसा रखो, सब हो जाता है। जैसी कि तुम जानती हो जब तुम्हारा जन्म हुआ तो मेरे पास केवल 2000 रुपये थे और मैं एक एक्ट्रेस हूं क्योंकि मेरा का ही ऐसा था। हां मुझे टेंशन थी, लेकिन सब हो जाता है। मेरे पास नानी रखने के लिए भी पैसे नहीं थे, भगवान जी ने मेरी बुआ को भेज दिया। आपको तो मेहनत तो करनी पड़ेगी, लेकिन इसे लेकर टेंशन मत लीजिए, बच्चे पल जाते हैं। आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है लेकिन सब हो जाता है।'

> मसाबा ने नीना के साथ एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें नीना ने अपनी बेटी के बारे में खुलकर बात की। मसाबा को यह पूछते हुए सुना जा सकता है कि 'यह कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। बच्चे पैदा करना आसान है... बस भगवान पे भरोसा रखो, सब हो जाता है। जैसी कि तुम जानती हो जब तुम्हारा जन्म हुआ तो मेरे पास केवल 2000 रुपये थे और मैं एक एक्ट्रेस हूं क्योंकि मेरा का ही ऐसा था।

**मसाबा गुप्ता ऐसे बनी फैशन डिजाइनर**

नीना गुप्ता की वेब सीरीज 'पंचायत 3' रिलीज होने के पहले उनकी बेटी मसाबा ने खुलासा किया कि उनकी मां के खाते में केवल 2000 रुपये थे। आज नीना गुप्ता की बेटी मसाबा मशहूर फैशन डिजाइनर हैं। मसाबा ने बताया कि, 'जब मैं पैदा हुई थी, मेरी मां के बैंक खाते में 2000 रुपये थे। मैंने अपनी मां से बहुत सी बातें सीखीं और जाना कि उन्हें कितनी कठिनाइयों का समाना करना पड़ा है। मैं बहुत खुशनसीब हूं कि आप मेरी मां हैं। आज मैं फैशन डिजाइनर भी आपकी वजह से हूं।'

**मसाबा गुप्ता का पहला बच्चा**

नीना गुप्ता ने मसाबा को सिंगल मदर बनकर पाला है। 2008 में उन्हें प्यार मिला और उन्होंने विवेक मेहरा से शादी कर ली। वहीं मसाबा गुप्ता ने इस साल की शुरुआत में अपनी प्रेगनेंसी की अनाउंसमेंट की थी।

